24 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 274

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

6 जिलों के अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज बनाने के प्रस्ताव को मिली सैद्धांतिक मंजूरी



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## पूर्व सांसद कड़िया मुंडा से मिले राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सांसद पद्म विभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत मंगलवार को अचानक बिगड़ गयी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। तबीयत अब स्थिर बतायी जा रही है। उनका हाल जानने के लिए बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी असपताल पहुंचे। तीनों ने कड़िया मुंडा से मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम पूछा। चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।







Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

### ऑपरेशन सिंदूर

## लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 जुलाई को होगी चर्चा

- दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस चलेगी
- प्रधानमंत्री की मौजूदगी में राजनाथ देंगे जवाब
- विपक्ष के हंगामे से लगातार तीसरे दिन सदन नहीं चला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। उधर, पिछले तीन दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप बंद कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है।



### सदन की सीढ़ियों पर विपक्ष ने विरोध-प्रदर्शन किया

बिहार में वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार की सीढ़ियों पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने काला गमछा डालकर विरोध जताया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और सपा सांसद जया बच्चन सहित कई महिला सांसद भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

**सदन में हंगामा, स्पीकर बिफरे:** इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आये। उन्होंने काले कपड़े लहराये। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## केसरगढ़ा में बड़ा हादसा : अवैध खान की चाल धंसी, 12 के दबने की खबर

घटनास्थल पर पहुंचे सांसद सीपी चौधरी से माफियाओं की धक्का-मुक्की, थाने में धरना देकर जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र अंतर्गत केसरगढ़ा में अवैध कोयला खनन के दौरान एक बड़ा हादसा होने की खबर है। सूचना के अनुसार अवैध खदान की चाल धंसने से करीब 12 मजदूरों के दबे होने की आशंका है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में दौरा करने की मांग भी की। इस दौरान घटनास्थल पर स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गयी, जब कोयला माफियाओं के कुछ गुर्गे भीड़ का फायदा उठाकर ग्रामीणों के बीच घुस गये और सांसद के साथ धक्का-मुक्की की कोशिश करने लगे। जवाब में सांसद के अंगरक्षकों और गुर्गों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। मामला बढ़ता देख स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। इसके बाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने समर्थकों के साथ बाघमारा थाना पहुंचे और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ धरने पर बैठ गये। उन्होन दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस बीच भीमकनाली क्षेत्र में एक अवैध कोयला लदा ट्रक नंबर जेएच 10 डीडी-6555 रास्ते में खराब हो गया, जिससे हालात और भी तनावपूर्ण हो गया है।

**रेस्क्यू टीम तैनात, शवों का निकालने की कोशिश जारी:** घटनास्थल पर एनडीआरएफ और रेस्क्यू टीम की तैनाती की गयी है। खबर लिखे जाने तक टीम शवों को निकालने और राहत कार्य में जुटी हुई थीं। माइनिंग विभाग और सीआइएसएफ की टीमें घटनास्थल का दौरा कर रही हैं। बीसीसीएल के जीएम जीसी साहा ने अवैध मुहानों को भरवाने के निर्देश दिये हैं। बताया जा रहा यह हादसा प्रशासन की नाकामी को भी उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और अवैध खनन पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है।



### प्रशासनिक मिलीभगत का परिणाम: सरयू राय

पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने केसरगढ़ा पहुंचकर अवैध कोयला खनन स्थल का निरीक्षण किया और घटना पर गहरा दुख जताया। सरयू राय ने कहा कि इस स्तर पर अवैध खनन तब तक संभव नहीं है, जब तक इसमें स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की मिलीभगत न हो। यह एक संगठित अपराध है, जिसमें माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने दोषियों की तत्काल पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना: इरफान

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह घटना न सिर्फ मानवता को झकझोरने वाली है, बल्कि यह प्रशासन और बीसीसीएल की विफलता को भी उजागर करती है। अगर समय रहते सख्त कदम उठाये गये होते, तो इस तरह की त्रासदी से बचा जा सकता था। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बीसीसीएल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये और अवैध खनन तथा उससे जुड़े पूरे नेटवर्क पर अविलंब रोक लगायी जाये। साथ ही उन्होंने घटना में मारे गये मजदूरों के परिजनों को समुचित मुआवजा और हरसंभव सहायता प्रदान करने की मांग की।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान बने झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



राज्यपाल ने राजभवन में उन्हें शपथ दिलायी

मुख्यमंत्री, प्रतिपक्ष के नेता समेत अन्य गणमान्य लोग थे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन स्थित बिरसा मंडप में न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के उपरांत राज्यपाल ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व मुख्य सचिव अलका तिवारी ने न्यायमूर्ति मुख्य न्यायाधीश के पद पर उनकी नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने उन्हें शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, पूर्व न्यायाधीशगण, भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण तथा झारखंड उच्च न्यायालय के पदाधिकारीगण और वरीय अधिवक्तागण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के तत्काल बाद न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने पदभार भी ग्रहण कर लिया।

## चुनाव आयोग ने शुरू की उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी

### जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद सक्रिय हुआ आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। आयोग ने नये उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। बताते चलें कि जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था।

चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई 2025 को एक अधिसूचना के जरिये भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी है। इसमें कहा गया कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है।

आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं, शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर/ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है।

**कैसे होगा अगले उपराष्ट्रपति का चुनाव :** उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं। हालांकि, चुनाव आयोग जब उपराष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का एलान करेगा, तब वह लोकसभा और राज्यसभा में सभी मौजूदा सदस्यों की गिनती करेगा।





### चुनाव आयोग की तीन मुख्य तैयारियां

- इलेक्टोरल कॉलेज (मतदाता समूह) की तैयारी, जिसमें राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल हैं।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति।
- पिछले सभी उपराष्ट्रपति चुनावों पर पृष्ठभूमि सामग्री तैयार करना और उसे साझा करना।

### झारखंड शराब घोटाला मामला

## एसीबी ने सुमित फैसिलिटी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हुए 38 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में एसीबी ने एक और गिरफ्तारी की है। मंगलवार को एसीबी ने कार्रवाई करते हुए अमित प्रभाकर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। अमित प्रभाकर सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा शराब दुकानों में मैन पावर सप्लाई की जा रही थी। शराब घोटाले मामले में अब तक एसीबी कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी अब मुख्य आरोपित निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे सहित सभी आरोपितों पर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट करेगी।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे को एसीबी ने 20 मई को गिरफ्तार किया था। उनके साथ-साथ संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह भी गिरफ्तार हुए थे। गजेंद्र सिंह वर्तमान में जमानत पर जेल से बाहर हैं। वे हर दिन विभाग में भी जा रहे हैं, लेकिन अभी उन्हें कोई कार्य नहीं मिला है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार की 40 सीटों पर इस बार भी होगा कड़ा मुकाबला

## ■ पिछली बार इन सीटों पर बेहद कम रहा था जीत-हार का अंतर
## ■ एनडीए ने 24, महागठबंधन ने 16 सीटों पर हासिल की थी जीत
## ■ इस बार दोनों गठबंधनों ने इन सीटों पर केंद्रित कर लिया है ध्यान

आजाद सिपाही विशेष

किसी भी चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप देने के क्रम में कई तरह की बातों और पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखा जाता है। हरेक सीट के पिछले परिणामों का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि कोई भी दल किसी भी कीमत पर एक भी सीट का नुकसान उठाना नहीं चाहता। बिहार विधानसभा के आसन्न चुनावों में भी ऐसा ही हो रहा है और इसमें कोई अस्वाभाविक बात नहीं है। चुनाव मैदान में उतरनेवाली सभी राजनीतिक पार्टियां पिछले चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करते हुए अपने समीकरणों को उसके अनुरूप ढाल रही हैं। इनमें नजदीकी मुकाबले वाली सीटें भी शामिल हैं। बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में 40 सीटें ऐसी थीं, जहां मुकाबला बेहद नजदीकी हुआ था। कुल 243 सीटों में से ये 40 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत-हार का अंतर साढ़े तीन हजार वोटों तक रहा था। इनमें 11 सीटें तो ऐसी थीं, जिन पर एक हजार वोटों के अंतर से जीत-हार हुई थी। नजदीकी मुकाबले वाली इन विधानसभा सीटों पर इस बार दोनों गठबंधनों, सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। दोनों ही गठबंधनों ने जहां अपने सीटिंग विधायकों के कामकाज के बारे में रिपोर्ट लेनी शुरू कर दी है, वहीं वहां के सामाजिक समीकरणों को भी साधने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। इस तरह इन सीटों पर इस बार भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। कौन सी हैं वे 40 सीटें, पिछली बार क्या रहा था वहां का परिणाम और इस बार क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में मुकाबला अब उन 40 सीटों पर सिमट रहा है, जहां 2020 में जीत-हार का अंतर बेहद मामूली था। भाजपा इन्हें 'गोल्डन जोन' बता रही है, तो महागठबंधन के लिए यह पिछली चूक की भरपाई का मैदान है। इन सीटों पर हर वोट जीत-हार का फैसला कर सकता है। इसलिए सभी दल इन सीटों पर पूरी ताकत लगा रहे हैं।

बिहार विधानसभा की कुल 243 में से 40 सीटें ऐसी हैं, जो न सिर्फ बेहद संवेदनशील हैं, बल्कि इन पर जीत और हार का अंतर 2020 में साढ़े तीन हजार वोटों से भी कम रहा। इन 40 सीटों में से 11 सीटों पर तो मुकाबला इतना नजदीकी था कि अंतर एक हजार से भी कम वोटों का था। यही कारण है कि एनडीए और महागठबंधन दोनों ही इन सीटों को 2025 की चाबी मान कर हर बूथ तक पहुंच बना रहे हैं, इन सीटों के सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं।

### एक हजार से कम अंतर वाली सीटें

पहले बात करते हैं उन 11 सीटों की, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर एक हजार से भी कम रहा था। इनमें पहली सीट है हिलसा, जहां जदयू के कृष्णमुरारी शरण ने राजद के शक्ति सिंह यादव को केवल 12 वोटों से हराया था। भोरे में जदयू के सुनील कुमार ने भाकपा माले के जितेंद्र पासवान को 462 वोटों से पराजित किया था। डेहरी में राजद के फतेह बहादुर ने भाजपा के सत्य नारायण को 464 वोटों से हराया था। मटिहानी में लोजपा के राज कुमार सिंह ने जदयू के नरेंद्र कुमार सिंह को 333 वोटों से परास्त किया था। रामगढ़ में राजद के सुधाकर सिंह ने बसपा की अंबिका सिंह को 189 वोटों से हराया था। बछवाड़ा में भाजपा के सुरेंद्र मेहता ने भाकपा के अवधेश कुमार राय को 484 वोटों से हराया था। इसी तरह बखरी में भाकपा माले के सूर्यकांत पासवान ने भाजपा के रमेश पासवान को 777 वोटों से हराया था। चकाई से निर्दलीय सुमित कुमार सिंह ने राजद की सावित्री देवी को 581 वोटों से हराया था। कुढ़नी से राजद के अनिल कुमार सहनी ने भाजपा प्रत्याशी को 712 वोटों से हराया था और परबत्ता से जदयू के डॉ संजीव कुमार ने राजद के दिगंबर प्रसाद त्यागी को 951 वोटों से हराया था। बेहद नजदीकी मुकाबले वाली इन 11 सीटों में से पांच-पांच सीटें एनडीए और महागठबंधन को मिली थीं, जबकि एक सीट निर्दलीय ने जीती थी।







### 29 सीटों पर अंतर एक हजार से साढ़े तीन हजार वोट

अब बात उन 29 विधानसभा सीटों की, जहां जीत-हार का अंतर एक हजार से साढ़े तीन हजार वोटों का रहा था। इनमें आरा से लगभग 3002 वोट से भाजपा जीती थी, जबकि भागलपुर से लगभग 2950 वोट से कांग्रेस जीती थी। गोपालगंज में भाजपा प्रत्याशी ने लगभग 2200 वोट से जीत हासिल की थी और मधुबनी में राजद ने लगभग दो हजार वोटों से कामयाबी पायी थी। इसी तरह कल्याणपुर से लगभग 1193 वोट से जदयू, रामनगर से लगभग 1750 वोट से भाजपा, धुरैया से लगभग 3060 वोट से राजद और परिहार से 1569 वोट से भाजपा ने जीत हासिल की थी। झाझा से लगभग 1700 वोट से जदयू को जीत मिली थी, तो सकरा सीट भी उसने लगभग 2250 वोट के अंतर से जीती थी। खगड़िया से कांग्रेस ने लगभग तीन हजार वोट से जीत हासिल की थी, जबकि त्रिवेणीगंज में लगभग 3031 वोट से जदयू प्रत्याशी जीता था। रानीगंज सीट पर भी जदयू को लगभग 2304 वोट और महिषी में लगभग 1630 वोट से जदयू को जीत मिली थी। बहादुरपुर सीट जदयू ने लगभग 2650 वोट के अंतर से जीती, तो सिमरी बख्तियारपुर सीट से राजद ने लगभग 1750 वोट से जीत हासिल की। अमरपुर सीट लगभग 2450 वोट से जदयू ने जीती, तो अमनौर सीट पर भाजपा ने लगभग साढ़े तीन हजार वोट के अंतर से कब्जा जमाया। सुगौली से लगभग 3447 वोट से राजद की जीत हुई, तो बाजपट्टी से भी इसी पार्टी ने 2704 वोट के अंतर से जीत हासिल की। कांग्रेस ने किशनगंज सीट 1381 वोट से जीती, तो राजद ने दरभंगा ग्रामीण सीट लगभग 2141 वोट से जीती। इसी तरह राजद ने सिवान पर लगभग 1973 वोट से जीत हासिल की, तो महाराजगंज से कांग्रेस ने लगभग 1976 वोट से जीत दर्ज की। महनार सीट लगभग 2150 वोट से लोजपा जीती, तो सिकटा सीट लगभग 2300 वोट के अंतर से भाकपा माले ने जीत ली, जबकि अलीनगर सीट से 3101 वोट से वीआइपी के मिश्री लाल यादव जीते। इस तरह इन 29 सीटों में से 11 सीटें भाजपा ने जीतीं, जबकि जदयू ने सात, राजद ने छह, कांग्रेस ने दो और लोजपा, भाकपा माले और वीआइपी ने एक-एक सीट जीती।

### महागठबंधन और एनडीए के बीच तगड़ा मुकाबला

इस बार के चुनाव के लिए भाजपा और एनडीए ने इन सीटों को लेकर एक ठोस योजना बनायी है। रणनीति है 'माइक्रो मैनेजमेंट से मैक्सिमम सीटें' जीतने की। बूथ लेवल पर डिजिटल डेटा से लेकर पीएम मोदी की टारगेट रैलियों तक हर हथियार इन सीटों पर झोंक दिये गये हैं। वहीं महागठबंधन ने भी इन सीटों पर मोर्चा खोल दिया है। राजद अपने कोर यादव-मुस्लिम वोट बैंक को संगठित करने में जुटा है। कांग्रेस और वाम दलों को स्थानीय चेहरों को आगे करने की सलाह दी गयी है और जहां पिछली बार चूक हुई, वहां स्थानीय नाराजगी को मुद्दा बनाया जा रहा है। राजद का दावा है कि ये सीटें इस बार उसकी होंगी। जनता जानती है कि किसने काम किया और किसने सिर्फ प्रचार किया।

### बिहार चुनाव का तीसरा कोण

इस बार बिहार चुनाव की तस्वीर में एक तीसरा कोण भी है और वह हैं प्रशांत किशोर और उनकी जन सुराज। पीके की एंट्री इन 40 सीटों समेत 243 सीटों पर सियासी समीकरण बिगाड़ सकती है। 2020 में कुल 11 नजदीकी सीटों में एनडीए ने पांच और महागठबंधन ने छह सीटें जीती थीं। बाकी 29 सीटों में भी एनडीए का पलड़ा भारी रहा।

### प्रशांत किशोर से किसे होगा नुकसान

इन 29 सीटों में से 20 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी, जबकि शेष सीटें महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-वाम) के खाते में गयीं। इस बार प्रशांत किशोर भी हैं और संकेत मिल रहे हैं कि विशेषकर शहरी ब्राह्मण और भूमिहार वोटों पर अगर वह असर डालते हैं, तो यह भाजपा के गणित को प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि 2025 का बिहार चुनाव सीटों की नहीं, हर बूथ की लड़ाई बन गया है।

# पटना में जन सुराज के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

### प्रशांत किशोर ने साधा सरकार पर निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में हजारों समर्थकों पर बुधवार को बिहार की राजधानी में पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग किया गया, जब वे नीतीश कुमार सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने के लिए विधानसभा मार्च करने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से जनता का यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को देना चाहते हैं कि पिछले दो सालों में उन्होंने 94 लाख परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी परिवार को एक भी रुपया नहीं मिला। प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार मिलने से इनकार कर रही है, और जब तक सरकार का कोई प्रतिनिधि हमसे नहीं मिलता, हम यहीं बैठे रहेंगे। लड़ाई अभी शुरू हुई है। अभी तीन महीने बाकी हैं। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और भ्रष्टाचारियों को हटाना चाहती है। वे विधानसभा में और पुलिस के पीछे नहीं छिप सकते। हम उन्हें ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। हम बिहार के सीएम नीतीश कुमार को उनके घर में घेर लेंगे, और पुलिस कुछ नहीं कर पायेगी। उधर पटना की एसपी दीक्षा ने बताया कि यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र है और उन्हें वहां जाने की इजाजत नहीं है। अगर उनकी तरफ से कोई और उल्लंघन हुआ, तो कार्रवाई की जायेगी। इस नयी पार्टी ने घोषणा की थी कि यह मार्च दोपहर के आसपास होगा, जिसमें राज्य के एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर होंगे, जो किशोर द्वारा कुछ महीने पहले शुरू किये गये हस्ताक्षर अभियान के तहत एकत्र किये गये थे।

जन सुराज पार्टी के समर्थक तख्तियां लिये हुए थे, जिन पर हस्ताक्षर अभियान के तीन मुद्दे थे। इनमें से एक मुद्दा यह था कि बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के बाद गरीब परिवारों को दो-दो लाख की सहायता देने की घोषणा की थी, जबकि इस सर्वेक्षण में आबादी के एक बड़े हिस्से की आर्थिक स्थिति बेहद खराब पायी गयी थी।

# चुनाव आयोग पर बरसे जदयू सांसद

### चुनाव आयोग को कुछ नहीं पता, हम पर थोप दिया: गिरधारी यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** जदयू सांसद गिरधारी यादव ने बुधवार को बिहार में मतदाता सूचियों के चुनाव आयोग द्वारा किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर कड़ी आपत्ति जतायी। उन्होंने इस प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग की आलोचना की और कहा कि आयोग को बिहार के इतिहास और भूगोल का व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए यादव ने दस्तावेज जमा करने की एक महीने की समय सीमा को अव्यावहारिक बताया और आवश्यक दस्तावेज इकट्ठा करने में 10 दिन लगने का अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा किया।

गिरधारी यादव ने प्रवासी मतदाताओं, जिनमें अमेरिका में रहने वाला उनका अपना बेटा भी शामिल है, को दी गयी समय सीमा के भीतर हस्ताक्षर की आवश्यकताओं का पालन करने में आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। यादव ने आरोप लगाया कि एसआइआर प्रक्रिया जमीनी हकीकत पर विचार किये बिना लागू की गयी है और सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया के लिए कम से कम छह महीने का समय दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को कोई व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। उसे न तो बिहार का इतिहास पता है और न ही भूगोल। मुझे सारे दस्तावेज इकट्ठा करने में 10 दिन लग गये।

# बिहार में एक लाख वोटरों के बारे में पता नहीं चल सका: चुनाव आयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में लगभग एक लाख मतदाताओं का पता नहीं चल पाया है, जबकि 7.17 करोड़ लोगों के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जिन्हें डिजिटल रूप से दर्ज किया जा चुका है। आयोग ने यह भी कहा कि 20 लाख मतदाताओं की मौत होने की सूचना अब तक मिली है, जबकि 28 लाख अन्य मतदाता अपने वर्तमान पते से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गये हैं। आयोग ने बताया कि 15 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र स्थानीय चुनाव अधिकारियों को वापस नहीं किये गये हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के पहले चरण के पूरा होने के बाद एक अगस्त को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। यदि मसौदा मतदाता सूची में कोई त्रुटि है, तो मतदाता या राजनीतिक दल एक सितंबर तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के पास आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियां प्रस्तावित मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति के नाम को शामिल करने या किसी भी पात्र व्यक्ति के नाम को बाहर करने से संबंधित हो सकती हैं।

# 'बाप' शब्द पर बिहार विधानसभा में बवाल

### भाई वीरेंद्र बोले- माफी नहीं मांगूंगा

### डिप्टी सीएम ने किया पलटवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। सत्र के तीसरे दिन बुधवार को कार्यवाही भारी हंगामे की भेंट चढ़ गयी। विशेष मतदाता पुनरीक्षण मुद्दे पर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गयी। इस दौरान राजद विधायक भाई वीरेंद्र के एक बयान पर हंगामा और बढ़ गया। दरअसल, तेजस्वी यादव सदन में बोल रहे थे। वह सरकार पर निशाना साध रहे थे। हालांकि, इस दौरान सत्ता पक्ष के कुछ सदस्य बीच में शोर करने लगे। इसी बात पर राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि सदन किसी के 'बाप' का नहीं है। विपक्ष को भी यहां पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है।

भाई वीरेंद्र के इतना कहते ही सदन का माहौल पूरी तरह से गरम हो गया। इसके बाद पक्ष और विपक्ष, दोनों के सदस्य आपस में ही भिड़ गये। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर ही। मुख्यमंत्री ने कहा, इस सत्र के केवल तीन दिन ही बचे हैं। जो कुछ भी कहना है, वह चुनाव के समय कहियेगा। यादव राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर बयान दे रहे थे, जिस पर सदन के नेता ने आपत्ति जतायी। इसे लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं, मीडिया से बात करते हुए राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि मैंने जो भी कहा है, मैं उस पर कायम हूं। मैंने कहा है कि सदन किसी की जागीर नहीं है। मैंने जो कहा, उसमें गलत क्या था? यह संसदीय भाषा है। इसके बाद मंत्री गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं किस बात की माफी मांगूं? मैंने क्या गलत किया है?... क्या विजय सिन्हा हमारे नेता हैं? क्या वह हमारे मालिक हैं? वह मेरे सामने पैदा हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि सिर्फ दो दिन बचे हैं, इसलिए जनहित के सवालों को शांतिपूर्वक उठाने दिया जाये। लेकिन राजद के भाई वीरेंद्र ने कहा कि सदन किसी के बाप का है क्या? इस तरह वह सदन के अंदर गुंडा राज स्थापित करना चाहते हैं। वह भूल गये हैं कि यह 90 का दशक नहीं है। हमने उनसे कहा कि अपनी भाषा के लिए माफी मांगें। अगर वह माफी नहीं मांगते हैं, तो ऐसे लोगों को सदन में बैठने का कोई हक नहीं है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.8 °c | 25.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.15 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# हेमंत सोरेन ने विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

डॉ संजय कुमार ने बिमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा कि बिमल लकड़ा की हालत में हर दिन सुधार हो रहा है और अभी हमनें उन्हें ऑब्जरवेशन में रखा है और 3 से 4 दिन में उन्हें डिस्चार्ज भी किया जा सकता है।

वहीं डॉ संजय कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सराहना करते हुए ये भी कहा कि सीएम स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बहुत ही ज्यादा संवेदनशील हैं और साथ ही उन्होंने झारखंड राज्य में जल्द ही न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर खोलने की बात कही है।

# खाट पर स्वास्थ्य सेवा, लापरवाह मंत्री सरकार पर बोझ हैं : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाल बताया है। उनके मुताबिक, एंबुलेंस के बदले खाट पर ही मरीजों को अस्पताल तक लाया जाना बताता है कि खाट पर ही स्वास्थ्य सेवाएं भी हैं। चाहे साहिबगंज हो या चतरा या दूसरे जिले, कमोबेश ऐसी स्थिति हर जगह दिख रही है। इस स्थिति में कहा जाये कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ना सिर्फ सरकार पर बल्कि जनता के लिए भी बोझ हैं। बाबूलाल ने साहिबगंज के एक वीडियो को शेयर किया है। इसमें एक पेशेंट को कुछ लोग खटिया पर लादकर अस्पताल लाते दिखते हैं। उनके मुताबिक, साहिबगंज की हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। बीमार किशोरी को खाट पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ा और मौत के बाद भी शव ले जाने के लिए एंबुलेंस तक नहीं मिली। परिजन शव को खाट पर रखकर 10 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने एंबुलेंस संचालन की जिम्मेदारी अपने करीबी को सौंप दी है। सरकारी अस्पताल के कामकाज में उनका अबोध बेटा भी हस्तक्षेप कर रहा है। ऐसे निकम्मे मंत्री न सिर्फ सरकार पर, बल्कि जनता पर भी बोझ बन चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस सेवाओं की तत्काल समीक्षा करें और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त और प्रभावी दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशानी न झेलनी पड़े। इससे पूर्व कुछ ही दिन पहले चतरा जिले के प्रतापपुर का फोटो शेयर करते सवाल किया था कि आखिर सरकार की संवेदना कहां मर गयी है? फोटो शेयर करते कहा कि चतरा ज़िले के प्रतापपुर में सड़क और पुल की कमी के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। परिजनों ने 108 ममता वाहन को बुलाया, लेकिन एंबुलेंस न पहुंच पाने के कारण महिला को सड़क पर ही बच्चा जन्म देना पड़ा। एक तरफ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मरीजों को ऑटो में ठूंसने पर मजबूर कर रहे हैं और उनका बेटा अस्पताल के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहा है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली में बैठकर रिम्स-2 के नाम पर आदिवासियों की जमीन हड़पने की साजिश रच रहे हैं। इरफान अंसारी जैसे परिवारवादी नेताओं ने बचपन से ही हर सुख-सुविधा पायी है, इसलिए इन्हें गरीब, दलित और आदिवासी जनता का दर्द नजर नहीं आता।

## मंत्री सुदिव्य कुमार ने की जेपी नड्डा से मुलाकात

# 6 जिलों के अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज बनाने के प्रस्ताव को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को नयी दिल्ली में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान झारखंड राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से राज्य के छह ज़िलों धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में स्थित जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर गंभीर विमर्श हुआ।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जिससे झारखंड में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सके और राज्य के नागरिकों को सुलभ एवं उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। इस पर जेपी नड्डा ने प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छूयेगा और राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकेंगी।

# मोदी सरकार में लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा रहा : धीरज दुबे

**जेएमएम मीडिया पैनलिस्ट ने भाजपा पर साधा निशाना**

**देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात, लगातार हो रहे इस्तीफे लोकतंत्र के लिए खतरनाक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संवैधानिक संस्थानों के प्रमुखों और उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार दिये जा रहे इस्तीफे इस बात का संकेत हैं कि देश एक अघोषित आपातकाल की स्थिति में प्रवेश कर चुका है।

धीरज दुबे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र संस्थानों की निष्पक्षता और स्वायत्तता से होती है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार से चुनाव आयोग, विश्वविद्यालय, सूचना आयोग, न्यायपालिका और अन्य संस्थानों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां अपने पदों से अचानक त्यागपत्र दे रही हैं, वह चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि सरकार की नीतियों और दबावों के कारण स्वतंत्र कार्य करना संभव नहीं रह गया है।

उन्होंने कहा कि देश में डर और दबाव का माहौल बनाया जा रहा है, जहां संस्थान अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं और पदाधिकारी या तो सरकार के आगे झुकने को मजबूर हैं या इस्तीफा देकर पीछे हट रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक स्थिति है। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से अब तक कई लोगों ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। जिनमें 2016 में नोटबंदी की घोषणा से पहले रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर रघुराम राजन, 2018 में उर्जित पटेल। 2017 में नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया, 2018 में नीति आयोग के मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम, जीडीपी डाटा को लेकर मतभेद के कारण एनएससी के दो स्वतंत्र सदस्य पीसी मोहन एवं जेवी मीनाक्षी ने 2019 में इस्तीफा दिया था। 2021 में पीएमओ के मुख्य सलाहकार प्रदीप कुमार सिन्हा ने अचानक इस्तीफा दे दिया था और 2025 में अचानक उपराष्ट्रपति का इस्तीफा ने यह सवाल पैदा कर दिया है कि स्वस्थ लोकतंत्र की जगह तानाशाह सरकार अपने स्वार्थ में देश को ताक पर रखकर काम कर रही है। धीरज दुबे ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होता है, लेकिन आज जो भी आवाज उठाता है, उसे या तो दबा दिया जाता है या बदनाम कर किनारे कर दिया जाता है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| वृष | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |

## बाघमारा के केसरगढ़ा में चाल धंसने की घटना पर आजसू हमलावर

# धरना पर नहीं बैठते आजसू सांसद तो दब जाती घटना : प्रवीण प्रभाकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने की घटना में राज्य सरकार और पुलिस-प्रशासन कोयला माफिया आगे नतमस्तक दिखे। आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के घटना स्थल पर पहुंचने और फिर बाघमारा थाना में धरना पर बैठ जाने पर दुर्घटना के 24 घंटे बाद बचाव कार्य शुरू हो पाया, नहीं तो पुलिस-प्रशासन मामला दबाने की फिराक में था। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री प्रभाकर ने कहा कि पुलिस-प्रशासन, कोयला माफिया के दबाव में चाल धंसने की घटना से ही इनकार करता रहा। लेकिन आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बाघमारा थाना में जाकर यह कहते हुए बैठ गये कि जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं होगा तब तक वह थाना से नहीं उठेंगे। तब जाकर दुर्घटना के 24 घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ। श्री प्रभाकर ने कहा सांसद श्री चौधरी जब घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे तो प्रशासन की उपस्थिति में कोयला माफिया के गुर्गों द्वारा उनकी भी घेराबंदी और विरोध का प्रयास किया गया जिसे आजसू कार्यकर्ताओं ने विफल कर दिया। श्री प्रभाकर ने कहा कि राज्य में पुलिस-प्रशासन के संरक्षण में रात के अंधेरे में अवैध कोयला खनन का कारोबार चरम पर है और अवैध खनन में लगातार लोगों की जान जा रही है। अवैध कोयला कारोबार की कीमत आम लोग चुका रहे हैं। श्री प्रभाकर ने कहा कि इससे पूर्व बाघमारा थाना क्षेत्र में ही माफिया तत्वों ने डीएसपी पर हमला कर घायल कर दिया था और आजसू सांसद के कार्यालय में आगजनी की थी।

## खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर 2 दिवसीय कार्यशाला

# आर्थिक विकास का दर्पण हैं महिलाएं : दीपिका पांडेय

**14 राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रांची में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला संगठन, स्वास्थ्य, समृद्धिः खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर महिला समूहों की सहभागिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में 14 राज्यों सहित झारखंड की ओर से स्टॉल्स लगाये गये, जिनमें खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किये गये नवाचारों की प्रभावशाली प्रदर्शनी प्रस्तुत की गयी। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्टॉल्स का भ्रमण कर प्रतिभागियों से उनके नवाचारों एवं प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

कार्यशाला के पहले दिन अनन्य मित्तल, सीइओ-जेएसएलपीएस ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इसका शुभारंभ किया। राजस्थान, छत्तीसगढ़, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड की एफएनएच कैडर ने अपने अनुभव साझा किये।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड की 32 लाख ग्रामीण महिलाएं राज्य की चेंज एजेंट्स हैं। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य को केवल सामाजिक संकेतक नहीं बल्कि आर्थिक विकास का दर्पण बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसी पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही हैं। इन योजनाओं को सखी मंडल के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है। मंत्री ने गायनेक हेल्थ, पोषण के साथ-साथ मेंटल वेल-बीइंग पर भी फोकस करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सेतु दीदियां और सखी मंडल की महिलाएं न केवल स्वयं जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने समुदाय को भी संगठित और सशक्त कर रही हैं।

झारखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका से स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, ऊर्जा एवं आजीविका के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। मंईयां सम्मान योजना, सीएलएफ फंड, मनरेगा, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम, पोषण वाटिका जैसी योजनाएं नारी नेतृत्व को सशक्त बना रही हैं। मंत्री ने कहा, हर गांव स्वस्थ, हर महिला सक्षम, हर घर समृद्ध हमारा संकल्प है।

स्मृति शरण, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपसी सीख को साझा कर सूचीबद्ध करना और आगे की रूपरेखा तैयार करना है। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने 14 जिलों के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जमीनी प्रयासों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण सीख ली, जिसे वे अपने राज्यों में लागू कर सकेंगे।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेंद्र नाथ सिन्हा, स्मृति शरण, डॉ मोनिका, के श्रीनिवासन, अनन्य मित्तल सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

# रांची से जमशेदपुर तक दौड़ेगी फ्लैश चार्जिंग बस, 135 यात्री कर सकेंगे सफर

- **बस की लंबाई साढ़े 18 मीटर होगी और इसकी कीमत साढ़े तीन करोड़ होगी**
- **एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग को भी स्वीकृति**
- **रांची में आउटर रिंग रोड के लिए 6500 करोड़ से डीपीआर बनाने का निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को नयी दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण के लिए उनके प्रति आभार जताया। इसके साथ ही रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें एक स्मरण पत्र भी सौंपा, जिसमें रांची में फ्लैश चार्जिंग बस, आउटर रिंग रोड और एलिवेटेड कॉरिडोर पर सोहराय पेंटिंग का आग्रह था। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इन तीनों ही मामलों में तुरंत कार्रवाई का निर्देश जारी कर दिया। रांची में फ्लैश चार्जिंग बस के संचालन के लिए डीपीआर बनाने का भी निर्देश दिया है। फ्लैश चार्जिंग बस रांची से जमशेदपुर के लिए चलेगी और रांची शहर में भी चलेगी। जिसमें एक साथ 135 लोग बैठकर यात्रा कर सकेंगे। इस बस में दिव्यांगजनों के लिए बैठने की सीट आरक्षित होगी। चाय कॉफी के लिए भी अलग से काउंटर होगा। बस की विशेषता होगी कि महज 15 सेकंड चार्ज होने के बाद यह बस 40 किलोमीटर तक चल सकेगी। बस की लंबाई साढ़े 18 मीटर होगी और इसकी कीमत साढ़े तीन करोड़ होगी। नागपुर के बाद रांची इस देश का दूसरा शहर होगा, जहां इसकी सौगात दी जा रही है। एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग का आग्रह रक्षा राज्य मंत्री ने नितिन गडकरी से किया। इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने राजमार्ग प्राधिकरण को दिया है। बहुत जल्द ही रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर झारखंड की संस्कृति के साथ जल, जंगल, जमीन की अलौकिक छटा और सोहराय पेंटिंग से सुसज्जित होगा।

**आउटर रिंग रोड का डीपीआर बनाने का निर्देश**

रांची में आउटर रिंग रोड को लेकर भी श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने आउटर रिंग रोड का भी डीपीआर बनाने का निर्देश एनएसएआइ अधिकारियों को दिया है। 6500 करोड़ रुपये की लागत से इसका डीपीआर तैयार किया जायेगा। इन तीन सौगातों पर पहल के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर चल रहा है और रांची के विकास को भी गति मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से नितिन गडकरी का झारखंड और रांची के प्रति अगाध प्रेम है। उन्होंने प्रधानमंत्री और राजमार्ग मंत्री के प्रति रांची की जनता की तरफ से कृतज्ञता प्रकट की है और कहा है कि इन तीनों परियोजनाओं से झारखंड की राजधानी रांची को एक नयी पहचान मिलेगी। रांची शहर का विस्तार होगा और देश की प्रगति के पथ पर रांची भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## डिवाइडर क्षतिग्रस्त करते पकड़े जाने वाले वाहन चालकों पर होगी एफआइआर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लाखों रुपये की लागत से शहर में लगा डिवाइडर वाहनों चालकों के भेंट चढ़ गया छपी शीर्षक खबर पर प्रशासन पुरी तरह से एक्शन मोड में आ गयी है। प्रशासन ने अब सीसीटीवी के जरिए डिवाइडर क्षतिग्रस्त करते पकड़े जाने वाले वाहन चालकों पर एफआइआर करने की सख्त चेतावनी दी है। इसके लिए प्रशासन ने बतौर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कठोर कार्रवाई करने का एडवाजरी जारी किया है। बताते चले झुमरीतिलैया नगर पर्षद यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाये रखने को लेकर महाराणा प्रताप चौक से झंडा चौक होते सुभाष चौक तक लाखो रुपये की लागत से प्लास्टिक डिवाइडर (स्प्रिंग पोस्ट) लगायी गयी, लेकिन यंहा के स्थानीय लोग अपने सुविधानुसार टू, थ्री व फोर व्हीलर को लेफ्ट से राइट और राईट से लेफ्ट जाने के लिए बीच बीच में दर्जनों जगह डिवाइडर को तोड़ दिया। इतने पर भी वाहन चालक संतुष्ट नही हुए उन्होंने टूटे स्थल पर फिर से लगाये गये नये नये डिवाइडर को भी क्रुरता पूर्वक तोड़कर यह दर्शा रहा कि तु डाल डाल तो मैं पात पात। यंहा यह बताना जरूरी होगा कि एक डिवाइडर की खरीदारी दर लगभग चार हजार है। प्रशासन ने सभी आमजनों से आग्रह किया कि सरकार की संपत्ती आप की अपनी संपत्ती है, अत: इसे तोड़े नहीं, बल्कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में अपनी सहभागिता देकर प्रशासन को सहयोग करें।

## नेट परीक्षा में किसान के पुत्र अजय ने 99.66 प्रतिशत लाकर की सफलता हासिल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी कृषक नूनू साव के पुत्र अजय कुमार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेट परीक्षा 2025 मुख्य विषय हिंदी साहित्य में सफलता हासिल की हैं। इन्होंने इस अनुदान आयोग नेट परीक्षा में 99.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इससे पहले इन्होंने भी बीएड की परीक्षा 2024 में 80.54 प्रतिशत गवर्नमेंट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज रांची, बीए की परीक्षा 2021 में 61.72 प्रतिशत से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची, इंटर की परीक्षा 2018 में 72 प्रतिशत से राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची और मैट्रिक की परीक्षा 2016 में 73.80 प्रतिशत अंक उत्क्रमित हाई स्कूल नापोखुर्द से उत्तीर्ण हुए हैं। अजय कुमार ने बताया कि पिता की लगन मेरी मेहनत और गुरुजनों की दिशा निर्देशन में यह सफलता मिली है। पिताजी छोटे कृषक के साथ-साथ कोयलांचल क्षेत्र में सब्जी बेचकर आर्थिक उपार्जन करने का कार्य करते हैं मेरी माता जी का निधन पूर्व में हो चुका है।

## पथरा गयीं आंखें, सूख गये आंसू, नहीं आया कुवैत से शव

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** आंखें पथरा गयी, आंसू सूख गये, लेकिन कुवैत से शव नहीं आया। परिजन प्रतिनिधि से लेकर अफसरों से गुहार कर चुके, लेकिन अंतिम दर्शन की आस अब तक अधूरी ही रही हैं। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबर पंचायत के बंदखारों निवासी मदन महतो के 38 वर्षीय पुत्र रामेश्वर महतो कुवैत में कमाने गया था,लेकिन पिछले माह 15 जून को वहां मौत हो गयी। घटना को एक महीने से अधिक दिन बीत गये, लेकिन अब तक उसका शव नहीं लाया जा सका। परिजन पथराई आंखों से शव के आने का इंतजार कर रहे हैं। रामेश्वर महतो का शव आज भी कुवैत के अस्पताल की मोर्चरी में बर्फ पर सुरक्षित रखा गया है। उनकी ओर से शव लाने को लेकर संबधित शपथ-पत्र सहित जरूरी दस्तावेज भिजवा दिये हैं। इसके बावजूद अब तक शव नहीं आ पाया हैं और न ही मुआवजे की राशि मिल पायी हैं। परिवार के पालन-पोषण का भी संकट खड़ा हो गया हैं। रामेश्वर महतो अपने परिवार में एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था। बता दें कि वह आइएमसीओ नामक ट्रांसमिशन कंपनी में फीटर के रूप में बीते 10 वर्षों से कार्यरत थे। कुवैत में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वे अपने पीछे पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र किशोर कुमार, कुलदीप कुमार समेत मां डलवा देवी को छोड़ गये हैं। प्रवासी मजदूरों के हित में कार्यरत समाजसेवी सिकन्दर अली लगातार इस मामले में संबंधित अधिकारियों और संस्थानों से संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जैसे जिलों से बड़ी संख्या में लोग देश-विदेश में मजदूरी के लिए जाते हैं, लेकिन घटना होने पर मुआवजे और शव वापसी की प्रक्रिया बेहद जटिल हो जाती है। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में सरकार को ठोस और त्वरित कदम उठाने चाहिए ताकि मृतक के परिजनों को समय पर न्याय, सम्मानजनक विदाई और आर्थिक सहायता मिल सके।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल परिसर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया और विविध चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में मुड़े हुए पैरों, कटे-फटे होंठ, प्लास्टिक और पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी संबंधी सेवाओं को लेकर काफी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में कुल 141 लोगों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 22 व्यक्तियों की बीपी और शुगर जैसी सामान्य स्वास्थ्य जांच की गयी। इसके अतिरिक्त जटिल शारीरिक समस्याओं के समाधान के लिए विशिष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी गयी। शिविर में 36 लोगों ने प्लास्टिक सर्जरी सेवाओं हेतु पंजीकरण कराया, वहीं पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सेवाओं के लिए 105 लोगों का पंजीकरण हुआ। विकृत अंगों के लिए सहायक यंत्र (ऑर्थोसिस) का वितरण भी शिविर में किया गया, इस दौरान 62 लाभार्थियों के बीच 184 सहायक यंत्र का वितरण कर उन्हें राहत दी गयी। उपचार की अगली प्रक्रिया के तहत 15 बच्चों को पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी हेतु सूचीबद्ध किया गया, जबकि 10 व्यक्तियों को प्लास्टिक सर्जरी के लिए चयनित किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने इन सभी सेवाओं को समर्पित भाव से नि:शुल्क उपलब्ध कराया।

## डॉ सुकल्याण मोइत्रा बने विभावि राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा ने डॉ सुकल्याण मोइत्रा को विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने मंगलवार देर शाम को अधिसूचना जारी कर दी है। डॉ मोइत्रा ने बुधवार को आयोजित एक सादे समारोह में समाजविज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक से पदभार ग्रहण किया। बाद में डॉ मोइत्रा ने विश्वविद्यालय के कुलपति से शिष्टाचार भेंट कर कुलपति को धन्यवाद दिया। कुलपति ने उन्हें बधाई देते हुए उनसे पूरे उत्साह के साथ कार्य करने को कहा। डॉ मोइत्रा विभावि के राजनीति विज्ञान का एकमात्र एसोसिएट प्रोफेसर हैं। इस नाते अपने विषय में विश्वविद्यालय के सबसे वरीय शिक्षक हैं। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में डॉ मोइत्रा की नियुक्ति 1996 को हुई थी। वह इस विश्वविद्यालय के पहले विद्यार्थी थे जो अपने ही विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हुए थे। ज्ञात हो की डॉ मोइत्रा अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के महाविद्यालय-विश्वविद्यालय शिक्षक है। उनके पिता प्रोफेसर सुभाष कुमार मोइत्रा 1962 से 1998 तक संत कोलंबा महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक थे। उनके दादाजी प्रोफेसर ज्ञानेंद्र नाथ मोइत्रा भी 1916 से 1948 तक संत कोलंबा महाविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राध्यापक रहे।

### हजारीबाग रेलवे स्टेशन परिसर में दर्दनाक हादसा

# निर्माणाधीन वॉशिंग पिट में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें कूद निवासी मुकेश राम की जान चली गयी। जानकारी के अनुसार, स्टेशन क्षेत्र में निर्माणाधीन वॉशिंग पिट के गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था, जिसमें गिरने से मुकेश राम की मृत्यु हो गयी। इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। मुकेश राम अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गये हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए निर्माण कार्य में लगी कंपनी और रेलवे प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। सुरक्षा के मानकों की अनदेखी की गयी है, स्थानीय नागरिकों ने बताया कि हजारीबाग रेलवे स्टेशन से सटी घनी आबादी है आबादी क्षेत्र के आवागमन के लिए एक ही सड़क



है जिससे सटाकर 16 फिट गहरा गड्ढा खोद कर ठीकेदार ने महीनों से छोड़ दिया है भारी बरसात के कारण गड्ढे में पानी भर गया है शिकायत करने पर उटपटांग बातें करते हैं पिछले दिनों भी दो बच्चे और गाय गहरे पानी में डुब गये थे गणिमत रही कि यह दिन की घटना थी जिसे यहां रहने वाले नागरिकों ने अपनी जान पर खेलकर इनको सुरक्षित निकाला घनी आबादी के तरफ छोटी चार दिवारी है जिससे बराबर घटना घटते रहता है। इस घटना से आहत ग्रामीणों के साथ रेलवे स्टेशन परिसर क्षेत्र घटनास्थल पर शव के साथ घंटों प्रदर्शन किया घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रदीप प्रसाद के मिडिया प्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों के रोस के बाद रेलवे प्रशासन जागा और ठिकेदार ने अपनी गलती स्विकार करते हुए दो लाख रुपये नकद और दो लाख का चेक मुआवजा स्वरूप देकर मामला शांत हुआ। इसके बाद कटकमदाग पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया जहां शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान सुलह समझौते का नेतृत्व कर रहे विधायक मिडिया प्रतिनिधि चंदन सिंह ने ठिकेदार को हिदायत देते हुए कहा कि घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी सुरक्षा मानकों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा की इस कठिन समय में परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान पंकज ठाकुर, मसरातु मुखिया धीरज कुमार, उमेश साव प्रल्हाद ठाकुर, राजेश साव, राजेश ठाकुर, चंदन सिहं, योगेन्द्र कुमार, मोनू प्रसाद, राहूल मंडल, बादल कुमार, प्रेम राम, सतीश राम, सुभाष राम, सूरज, मनीष राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

# बिजली का काम करते समय बरतें सावधानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मानसून के दौरान करंट लगने की कई घटना प्रकाश में आती है। इसे देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हजारीबाग में किया। बताया गया कि मानसून के दौरान क्या सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर किसी व्यक्ति को करंट लग जाये तो उसे कैसे बचायें, इसकी जानकारी दी गयी। उप महाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि बिजली एक ऐसी सेवा है जो हर एक व्यक्ति को आज के समय में मिल रही है। बिजली का काम करते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। क्योंकि जरा सी चूक गंभीर चोट या जानलेवा साबित हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण सावधानी बरता जाये तो जीवन सुरक्षित रह सकता है। इन्होंने कहा कि कभी भी बिजली का काम



स्वयं ना करें। जब भी जरूरत पड़े तो वैसे व्यक्ति जो बिजली के काम में निपुण है उनसे मदद ले। बरसात के समय बिजली का पोल या वैसा तार जिसे बिजली प्रवाहित हो रही है छुए नहीं। किसी व्यक्ति को करंट लग जाये तो सबसे पहले घर में प्राथमिक उपचार दें और यथासंभव चिकित्सक से मिले। इन्होंने इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात बताया कि बिजली का स्विच या कोई भी उपकरण का उपयोग करें तो वह दाहिने हाथ से। कार्यशाला में बिजली विभाग के कई पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए। सभी को वीडियो के जरिए जानकारी दी गयी। साथ ही इस दौरान महत्वपूर्ण व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गयी। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी ने कहा हजारीबाग में कई ऐसे लोग हैं जो चोरी का बिजली का उपयोग करते हैं। विभाग को जब भी सूचना मिलती है तो कार्रवाई भी की जाती है। यह बहुत ही अधिक जानलेवा है। हाल के दिनों में हजारीबाग में दो बच्चियों की मौत भी इसी कारण हुई है। चोरी का बिजली उपयोग करने में लोग बेहद ही निम्न कोटि का तार का उपयोग करते हैं। शॉर्ट सर्किट होने की संभावना इसमें अधिक होती है। शॉर्ट सर्किट के कारण जान माल दोनों का नुकसान होता है। इन्होंने भी कहा कि मानसून के वक्त हर एक व्यक्ति को बिजली का उपकरण का उपयोग करने के समय सावधानी बरतने की जरूरत है। मौके पर जीएम दिनेश कुमार सिंह ने भी उपस्थित लोगों को सुरक्षा का पाठ पढ़ाया और सावधानी बरतने को कहा।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमो स्थित सतपुलिया के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले की जानकारी देते हुए घायल के परिजनों ने बताया कि उक्त तीनों युवक सतपुलिया के नजदीक एक खेल मैदान से क्रिकेट खेलकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे एनएच 20 पर चढ़े कि पीछे से आ रही एक कंटेनर (पी बी 65 ए आर 7206) अचानक से सड़क के बाईं ओर मुड़ गयी, जिससे इनका बाइक उसकी चपेट में आ गया और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान राहुल कुमार 20 वर्ष पिता महेंद्र यादव, मिथिलेश कुमार उम्र 21 वर्ष पिता महेंद्र यादव, सन्नी कुमार उम्र 21 वर्ष सभी का ग्राम तिलैया गुमो के है। स्थानीय लोगों द्वारा तीनों घायल युवकों को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। प्रारंभिक ईलाज के पश्चात घायलों में से 2 की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स (रांची) रेफर कर दिया गया।

## जानपुर में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों का उत्पात शुरू हो गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत जानपुर पंचायत के ग्राम बहादुरपुर में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। लोग भय के चलते रात भर सो नहीं पा रहे है। मंगलवार रात बहादुरपुर गांव के महेंद्र पंडित और महावीर पंडित का केला का पौधा को नुकसान पहुंचाया और खेत मे तार से घेराव किया था उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रदीप पंडित पिता स्व. लखन पंडित का ईट्ट का बाउंड्री वॉल को तोड़ कर खेत मे प्रवेश कर आम बगवानी को काफी नुकसान पहुंचाया।

## शराब के खिलाफ छापामारी अभियान

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम ने जंगली क्षेत्र जरगा में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान दो शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया साथ ही 20 ड्रम में रखे जावा महुआ को नष्ट किया गया। छापामारी का भनक लगते ही अवैध शराब चुलाई के आरोपी फरार होने में सफल रहे। वन विभाग की टीम ने अभियान के दौरान अवैध महुआ शराब बनाने के उपकरण और करीब एक क्विंटल जलावन लकड़ी को जब्त किया। मामले को लेकर जरगा निवासी सन्तोष महतो और कृष्णा महतो को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किया गया।

### आरएलएसवाइ इंटर कॉलेज में शासी निकाय की बैठक

# अनियमितता के आरोपी प्राचार्य को हटाने का निर्णय


आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त द्वारा करायी गयी जांच और झारखंड अधिविद्य परिषद् के निर्देश के आलोक में राम लखन सिंह यादव इंटर कॉलेज, झुमरीतिलैया के शासी निकाय की बैठक हुई जिसमें अनियमितताओ के आलोक में निर्णय लिए गये। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने की, जिसमें एसडीओ रिया सिंह, डीइओ अविनाश कुमार भी मौजूद थे। जैक के पत्र जिसमें विगत 4 वर्षों से हो रही वित्तीय अनियमितता, प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर द्वारा धर्मपत्नी अंजना सिंह और व्याख्याता कमलेश कुमार कमल द्वारा धर्मपत्नी उषा कमल को गलत तरीके से नियुक्त कराये जाने का उल्लेख है, इसपर निर्णय लेते हुए प्राचार्य को हटाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित शासी निकाय द्वारा कैशबुक एवं अन्य अभिलेख की मांग किये जाने पर प्राचार्य जितेन्द्र



बहादुर ने बताया कि संबंधित अभिलेख ऑडिट के लिए रांची भेजा गया है। प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर ने बताया कि महाविद्यालय में सभी तरह के शुल्क का कैश भुगतान होता है। वहीं कॉलेज में कार्यरत प्रधान लिपिक विशेश्वर यादव के उपस्थित नहीं रहने के कारण जांच कमिटि को किसी भी प्रकार का कार्यालयीय अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। आदेशपाल राजेश्वर यादव और सूरज अली ने बताया कि बॉनाफाइड के नाम पर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पूर्व में प्रति छात्र 400 रूपया लिये जाते थे, इसके एवज में रसीद के नाम पर कम रुपये का छात्र को रसीद प्राप्त होता था। समिति द्वारा यह निर्देश किया गया कि भविष्य में इस तरह की अवैध राशि की वसूली किसी हाल में नहीं की जाय, शिकायत प्राप्त होता है तो संबंधित कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज, झुमरीतिलैया में कई छात्र-छात्राओं से नामांकन के दौरान विभिन्न शुल्क के रूप में राशि ली गयी जो संबंधित कुछ कर्मियों द्वारा स्वंय या अपने पारिवारिक सदस्यों के खाते में मंगाया गया। इसकी भी जांच कर कठोर कार्यवायी का निर्णय लिया गया। वित्तीय गड़बड़ी और प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर और व्याख्याता कमलेश कुमार कमल द्वारा अपनी अपनी पत्नियों को गलत तरीके से नियुक्ति के आरोप में जितेन्द्र बहादुर को तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्राचार्य से हटाते हुए साथ ही व्याख्याता पद से उनकी सेवा समाप्त कर दी गयी। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र बहादुर की पत्नी अंजना सिंह और व्याख्याता कमलेश कुमार कमल की पत्नी उषा कमल की नियुक्ति उचित प्रक्रिया के तहत नहीं होने के कारण उनकी भी सेवा समाप्त की गयी। कार्यकाल में भुगतान की गयी समस्त राशि की वसूली करने का बैठक में सर्वसम्मति से समिति द्वारा निर्णय लिया गया। महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के रूप में सबिता कुमारी (विषय हिन्दी) का सर्वसम्मति से चयन किया गया। आगामी बैठक में साक्षात्कार के आधार पर स्थायी प्राचार्य के चयन का निर्णय लिया जायेगा। बैठक में पूर्व प्राचार्य सह दानदाता हलधर प्रसाद यादव, सचिव निशा भारद्वाज, जैक प्रतिनिधि कृष्णकांत सिंह के अलावा अन्य सदस्य, कॉलेजकर्मी भी मौजूद थे।

## मेन पाइप लीक, सड़क पर बह रहा पीने का पानी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गेट के पास रोड पर पानी सप्लाई का पाइप लीक होने के वजह से प्रतिदिन लाखों लीटर स्वच्छ पीने का पानी सड़क पर बह कर बर्बाद हो रहा है। ऐसा ही एक पाइप टावर नंबर वन के पास महिनों से लीक है। वहां से भी पानी प्रतिदिन बह रहा है। अगर सप्लाई का पानी इसी तरह बहता रहे तो गर्मी के दिन में शहर वासियों को पानी का बहुत दिक्कत हो जायेगा। शहर वासियों को पानी सप्लाई करने का एकमात्र साधन छड़वा डैम है। छड़वा डैम 1954 में बना इस अनुसार छड़वा डैम का 71 वर्ष हो गया है। जिसके कारण पानी स्टोरेज की कैपेसिटी कम हो गयी है और शहर में पानी उपभोक्ताओं की संख्या पहले के वनिस्पत कई गुना बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में पानी बर्बाद करना मानवता के लिए अपराध है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास जो लीकेज है उसे और उसके अलावा शहर में पानी सप्लाई का जितना भी पाइप लीक है उसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाया जाये। सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू और तपेस्वर राम भुईयां ने नगर आयुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर और मिलकर यह जानकारी दिया है। इस पर नगर आयुक्त ने पानी सप्लाई के इंचार्ज अरुण कुमार को बुलाकर कहा कि अस्पताल पास के लीकेज पाइप को 24 घंटा के अंदर ठीक कराये।

## अधिक राशि वसूलने पर शराब दुकान सील



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** एमआरपी से अधिक राशि वसूलने की शिकायत पर शराब दुकान को सील कर दिया गया। इस संबंध में विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने सोमवार को शराब दुकान निरीक्षण करने गये थे। अंचलाधिकारी ने औचक निरीक्षण मे मिली गड़बड़ी पर सहायक आयुक्त उत्पाद हजारीबाग को पत्रांक 520 में मिली गड़बड़ी में एक ग्राहक से दुकानदार के द्वारा बैड मंकी नामक बीयर को अधिकतम मूल्य 180 रुपए की जगह 190 रुपये की वसूली की गयी। सरकारी शराब की दुकान भी प्लस 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के समीप स्थित है। जो कहि से भी उचित नहीं है। इस दुकान का संचालन राजेश गोल्डी नामक एक अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है। जबकि दुकान किसी और का है। और इस दुकान से भारी मात्रा में शराब की कालाबाजारी की जा रही थी। दुकान में उपस्थिति पंजी का ना होना, दुकान में आगत निर्गत पंजी का ना होना की लिखित सूचना दी, जिसपर अग्रेतर कार्यवाई करते हुए बुधवार को उत्पाद विभाग के एस आई कृष्ण कुमार प्रजापति ने अपनी टीम के साथ उपरोक्त सरकारी शराब की दुकान की जांच कर सील कर दिया गया।

## डीटीओ और एमवीआइ ने चलाया वाहन जांच अभियान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीटीओ और एमवीआइ ने चानो पुल पर बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गयी। साथ ही ऑटो और टोटो वाहन चालकों की इंश्योरेंस तथा टैक्स और भारी वाहनों के भार सीमा की जांच की गयी। दोषी पाये जाने वाले वाहन चालकों से मोटर वाहन अधिनियम के संगत धाराओं के अधीन चालान किया गया। इस अभियान में कुल 55 वाहनों की जांच किया गया और दोषी पाये गये वाहन चालकों पर चालान करते हुए 5 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गयी। मौके पर उपस्थित टीडीओ बैद्यनाथ कामती के द्वारा अपील की गयी कि वे अपने अपने वाहनों के सभी प्रकार के दस्तावेज अद्यतन करवा लें, अन्यथा ऐसे वाहन जांच अभियान के माध्यम से आगे भी दोषी वाहन चालकों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कांवरियों की जत्था देवघर के लिए रवाना



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरियौन राधा कृष्ण धाम और हनुमान मंदिर परिसर से देवघर बोल बम के लिए मसकेडीह पंचायत की मुखिया किरण देवी के नेतृत्व में कांवरियों की जत्था बोल बम के लिए रवाना हुई। मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कि भांति इस बार भी ग्रामीणों के साथ देवघर बाबा नगरी पहुंच कर जलाविशेक करेंगे। मौके पर विक्रम सिंह (पत्रकार) नारायण सिंह, शंभू सिंह, अमन कुमार, प्रकाश सिंह, सुधीर साव, रंजीत साव, महेंद्र राणा, चंद्रीका पासवान और काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।

## पौधरोपण प्रतियोगिता का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ कोडरमा ने गांधी उच्च विद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और टीम भावना को जागृत करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में बांटा गया। प्रत्येक टीम के लीडर की आंखों पर पट्टी बांधी गयी थी, जिन्हें अन्य सदस्यों द्वारा दिशा-निर्देश देकर गड्ढे तक पहुंचाया गया और पौधरोपण करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 15 फलदार पौधे आम, अमरूद, आंवला और जामुन रोपे गये। सभी पौधों को बच्चों की टीमों ने गोद लिया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रतियोगिता में निशांत कुमार की टीम ने प्रथम, मयंक कुमार की टीम ने द्वितीय और अर्चना कुमारी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमश: गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। अर्चना कुमारी की टीम को कंसोलेशन प्राइज भी प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को बिस्कुट और पेन स्मृति-चिह्न स्वरूप दिये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विनोद दास और शिक्षिकाएं अंजली श्रीवास्तव, चंद्रा, श्वेता समेत अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। इस आयोजन की संयोजिका क्लब की प्रोजेक्ट डायरेक्टर काजल गुप्ता थीं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ज्योति झा, सचिव आरती आर्य, उपाध्यक्ष कंचन भदानी, पूर्व अध्यक्ष आशा गुप्ता, संध्या सेठ, सरिता कंधवे समेत अनेक सक्रिय सदस्याएं उपस्थित रहीं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



पतरातू (आजाद सिपाही)। ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र शास्त्री चौक, भुरकुंडा द्वारा बुधवार को दस दिवसीय नशामुक्त भारत अभियान और दिव्य इश्वरीय रक्षाबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पतरातू अंचल सह प्रखंड कार्यालय में नशामुक्ति अभियान चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने अभियान को सराहा और नशामुक्ति फार्म भरकर लोगों को आह्वान किया कि वे नशा का त्याग करें। उन्होंने कहा कि जन जन तक नशामुक्ति की जागरूकता आवश्यक पहल है। राजयोगा प्रशिक्षक बीके रामदेव ने सभी से आग्रह किया कि नशे के साथ साथ काम, क्रोध,लोभ, मोह, अहंकार आदि बुराईयां भी छोड़ने का संकल्प भी लेना चाहिए, आगे कहा कि पंच विकार भी मानव नाश का कारण बनता है। सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रोशनी बहन ने बीडीओ पतरातू को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा और मुंह मीठा करा सुखमय जीवन की शुभकामना की। मौके पर प्रखंड के राजेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भुरकुंडा से कांवरियों का जत्था रवाना



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पवित्र श्रावण माह के अवसर पर भोले बाबा के दर्शन के लिए बुधवार को भुरकुंडा पटेलनगर से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व कावड़ियों ने पटेलनगर स्थित शिव मंदिर पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोल बम सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद शिवभक्त देवघर के लिए रवाना हुए। बताया गया की सुलतानगंज से जल भरकर लगभग 120 किलो मीटर पैदल चलते हुए शनिवार को बाबा नगरी देवघर पहुंचेंगे। जहां मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। साथ ही शनिवार को ही बासुकीनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक करेंगे। देवघर रवाना होने वालों में रवि कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार मथुरा कुमार बिनोद कुमार, चंदन, विक्की आदि शामिल हैं।

## अंचल अधिकारी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, उपायुक्त को दिया आवेदन

गोला (आजाद सिपाही)। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ डीसी को पत्र दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण बसंत कुमार कुशवाहा ने लिखा है कि जब से अंचल अधिकारी के रूप में समरेश प्रसाद भंडारी की पदस्थापना हुई है। तब से भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। रोज रोज नये कीर्तिमान बनते जा रहा है। बिना बिचौलियों के कोई काम नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक कार्यालय के ईर्द गिर्द बिचौलियों का अड्डा रहता है। बिना पैसा के यहां से जमीन का नकल भी नहीं मिलता है। उन्होंने कहा है कि जमीन के दाखिल खारिज का कार्य हो या सुधार का बिना लेन देन का काम नहीं होता है। आगे लिखा है कि जमीन केवाला का प्रतिवेदन को इमेल करना हो तो इसके लिए भी एक मोटी रकम की मांग बिचौलियों के माध्यम से किया जाता है। कागजात सही होने के बाद भी बिना लेन देन का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि लीला कोयरी से गोला उर्फ रोला मौजा के खाता संख्या 02, प्लॉट संख्या 375, रकबा दो डिसमिल जमीन का इकरारनामा कराया हूं। जमीन के केवाला के लिए दिनांक 7/3/20250 को अंचल अधिकारी को सब रजिस्टार को इमेल करने का प्रतिवेदन दिया गया है। लेकिन कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक गया हूं। इसके बाद भी ईमेल नहीं हो पा रहा है। वहीं सीओ द्वारा झोपड़ी में रहने वाले लोगों को बुलडोजर चला कर हटा दिया जाता है। लेकिन सरकारी जमीन में बड़े-बड़े मकान बनाया जा रहा है। इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाया जा रहा है। जो जांच का विषय है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, भू राजस्व सचिव, अनुमंडल पदाधिकारी को भी प्रेषित किया गया है। इस संबद्ध में सीओ समरेश भंडारी से पूछे जाने पर कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय कार्यालय, नयामोड़(कुजू) और तोपा कोलियरी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संघ प्रचारक रंजीत सिन्हा, बीएमएस रामगढ़ जिला संगठन मंत्री सूर्यदेव प्रसाद कर्ण, सीसीएल सीकेएस के केंद्रीय अध्यक्ष निर्गुण महतो और सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ का ध्वजारोहण, मां भारती, संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रंजीत सिन्हा ने कहा कि संघ एक ऐसा श्रमिक संगठन है जो श्रमिकों के लिए निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करती है। वहीं, सूर्यदेव प्रसाद कर्ण ने कहा कि हमारा श्रमिक संगठन पूर्ण रूप से राष्ट्रवादी है। इसलिए वर्तमान में विश्व का नंबर वन है। इधर, निर्गुण महतो ने कहा कि बीएमएस राष्ट्र समर्पित संघ है। संगठन से जुड़े हुए श्रमिकों को अपने अधिकारों से वंचित नहीं होना पड़ता है। वहीं, सीसीएल सीकेएस कुजू क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघ सदैव खड़ा है। मौके पर दीपक कुमार, कौलेश्वर राम, प्रेम प्रसाद, मैनेजर चंद्रा उर्फ मनीष कुमार, मनोज सिंह, गोविंद महतो, विपिन सिंह, मोहन महतो, सुशील कुमार, पीके सेन, धनंजय मिश्रा, शशि कुमार अशोक चौबे, ओमनाथ प्रसाद, डीडी मंडल, मंगलदेव महतो, नागेश्वर करमाली, पानो देवी, मनोज प्रसाद, सीताराम कैवर्ता, जयधन राम, रेखा कुमारी, सरस्वती देवी, सोनिया देवी मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन



चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्ष 2024-25 में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन किया गया था। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यालय के 225 प्रतिभावान छात्रों ने भाग लिया था और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। परिणामस्वरूप 18 छात्रों को नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। 49 छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। 50 छात्रों ने रजत पदक जीता। 30 छात्रों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. के. चौबे ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को मेहनत करने और भविष्य में और अधिक सफल होने की शुभकामनायें दीं।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा ने मनाया सावन महोत्सव

# सावन में हरा रंग शांति, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक होता है : ममता



### विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

इस दौरान समझ में अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। साथ ही सावन के गीतों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच म्यूजिकल डांस और डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, सावन क्वीन व क्विज कंपीटिशन हुआ। वही, समारोह में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। समारोह के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं।

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा के तत्वाधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बुधवार को शहर के थाना चौक स्थित होटल शिवम इन के सभागार में किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह, उपाध्यक्ष रीना सिंह, सचिव सुमन सिंह, संरक्षक रेनू सिंह, रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुधा सिंह, सचिव प्रतिमा सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह में महिलाएं हरी हरी साड़ी और हरी चूड़ियां पहन कर शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि सावन का महीना न सिर्फ. प्रकृति को हरा-भरा करता है, बल्कि भारतीय लोक परंपरा, संस्कृति, आस्था और रिश्तों को भी संजीवनी देता है, जो परिवार और समाज को जोड़ते हैं। सावन में हरा रंग समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक होता है। साथ ही यह हमारी संस्कृति और पर्यावरण से जुड़ा है।

समारोह में रामगढ़ जिला कोषाध्यक्ष रूना सिंह, प्रमिला सिंह, रेनू सिंह, नीतू सिंह, माधुरी सिंह, मधु सिंह, वैशाली सिंह, ममता सिंह, रिंकी सिंह, करुणा सिंह, पदम सिंह, रूबी सिंह, काजल सिंह, शैल सिंह सहित महासभा की कई महिलाएं उपस्थित थी।

# नवनिर्वाचित नगर संयोजकों का आजसू कार्यालय में पदभार ग्रहण

**संगठनात्मक दिशा-निर्देशों के साथ युवाओं की सामाजिक भागीदारी जरूरीः पीयूष**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को युवा आजसू के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में युवा आजसू के नवनिर्वाचित नगर संयोजकों को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं में उत्साह और जोश का संचार करते हुए कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित किया गया। श्री चौधरी ने संगठनात्मक दिशा-निर्देशों के साथ-साथ युवाओ की सामाजिक भागीदारी पर जोर दिया। पूरे प्रदेश में युवाओं को दिगभ्रमित कर सरकार सरकार बनाने का कार्य किया है एवं अब युवा वर्ग ठगा महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने नवमनोनित संयोजकों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक का नेतृत्व युवा जिला सह प्रभारी रोहित सोनी ने किया। वही, संचालन नीतीश कुमार दांगी ने किया।

### इन्हें मिला युवा नगर संयोजक पद का पदभार

युवा नगर संयोजक पद ग्रहण किया। जिसमें, वार्ड नंबर 1 से अन्ना कुमार, सतीश पासवान, वार्ड नंबर 3 से रोशन पोद्दार, अमरजीत कुमार, विश्वजीत साहू, चंदन ठाकुर, वार्ड नंबर 4 से नीतीश कुमार दांगी, सतीश कुशवाहा, अजय पांडे, शुभम कुमार, आनंद मुंडा, शंकर पासवान, वार्ड नंबर 5 से आशीष कुमार, भावना कुमारी, राजश्री कुमारी, कृष कुमार, वार्ड नंबर 6 से ओमकार पांडे, पवन कुमार, राज पासवान, राहुल पासवान, दीपू गुप्ता, अरुण कुमार, वार्ड नंबर 7 से बिट्टू यादव, साहिल यादव, सनी यादव, तोसित करमाली, सोनू मुंडा, सुनील राम, राजू करमाली, रोहित कुमार मनोज कुमार, सतीश कुमार, शिवम भुइया, वार्ड नंबर 8 से सौरभ गुप्ता, गोलू गुप्ता, अमन मिश्रा, राजा गुप्ता, निखिल गुप्ता, अनुराग गुप्ता बनाये गये।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर बैठक

रामगढ़(आजाद सिपाही)। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के दारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत विभाग से प्राप्त निर्देश और अब तक जिले में योजना के तहत किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने और ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी रामगढ़ दूरभाष संख्या 9431108778, एचडीएफसी इगो जीआईसी लिमिटेड हेल्पलाइन नंबर- 14447 पर सम्पर्क किया जा सकता है। गौरतलब हो कि योजना का लाभ लेने हेतु किसानों को ?1 की टोकन राशि का भुगतान करना होगा, वही योजना के तहत खरीफ फसल अंतर्गत अगहनी धान के लिए 68775 रुपये, भदई मकई के लिए 53287.50 रुपये प्रति हेक्टेयर का बीमा किया जायेगा।

# रात में निकले डीसी, मजदूरों की समस्याएं सुनी



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के मजदूर कैसे सड़कों पर रात गुजारते हैं और उन्हें बारिश के इस मौसम में कितना कष्ट झेलना पड़ रहा है, इसका अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है। रात के अंधेरे में मसीहा बनकर निकले रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज इस समस्या से भी रूबरू हुए। वे अपने कार्यालय में तो आम लोगों को समस्या का समाधान करने का आश्वासन देते ही हैं। लेकिन रात के अंधेरे में उन्होंने उन लोगों की समस्याओं को सुना जो कभी समाहरणालय की सीढ़ियां नहीं चढ़ पाते। बुधवार को डीसी ने बताया कि वह अचानक जब रात में निकले तो सड़कों के किनारे सो रहे दर्जनों मजदूर उन्हें दिखायी दिये। उन्होंने गाड़ी रोक कर उन लोगों से बातचीत की। उनकी समस्या दूर करने के लिए उन्होंने आश्वासन भी दिया।

**शहर की विधि व्यवस्था पर भी दौड़ाई नजर**

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने निरीक्षण के दौरान शहर की विधि व्यवस्था पर भी नजर दौड़ाई। शहर के थाना चौक, सुभाष चौक, बस स्टैंड, नेहरू रोड, चट्टी बाजार सहित अन्य क्षेत्र में विधि व्यवस्था आदि का जायजा लिया।

# रामगढ़ जिले में 66 हजार राशनकार्ड धारकों का कटेगा नाम

**हाई इनकम और टर्नओवर के अलावा, फोर व्हीलर धारक भी ले रहे लाभ**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। फोर व्हीलर पर घूमने वाले 25 लाख का टर्नओवर करने वाले और डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोगों पर अब गाज गिरने वाली है जिला आपूर्ति कार्यालय को धोखे में रखकर गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने वाले लोग लोगों का नाम अब ऑनलाइन ही डिलीट कर दिया जायेगा रामगढ़ जिले में ऐसे लोगों की संख्या 66000 से भी अधिक है इतनी बड़ी संख्या में लोग डीलर से राशन और आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे हैं। सभी लोगों के घरों पर अब डॉलर और जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे और सत्यापन होते ही वैसे लोगों का नाम राशन कार्ड धारक की सूची से हटा दिया जायेगा जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत तोपो ने बताया कि राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा करने वाले की सूची तैयार कर ली गयी है।

**केवाइसी करते ही उभर कर सामने आये फर्जी राशन कार्ड धारी**

डीएसओ रंजीता टोपो ने बताया कि राशन कार्ड धारकों का केवाइसी कराया जा रहा है। केवाईसी के दौरान आधार कार्ड से लिंक की गयी सारी चीजें सामने आ जा रही हैं। केवाइसी में जैसे ही आधार कार्ड का नंबर डाला गया, उससे लिंक किये गये पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, और अन्य चीजें खुद-ब-खुद सामने आ गयी। इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सैकड़ों लोग ऐसे हैं जिनका सालाना इनकम 6 लाख से ज्यादा है। कुछ ऐसे लोग थे जिनका जीएसटी नंबर में टर्नओवर भी 25 लाख से अधिक का है। सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के नाम पर भी राशन कार्ड जारी किया गया है। इसके अलावा डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोग भी इस सूची में सामने आ गये। इसके अलावा कुछ लोग 100 साल से अधिक उम्र के हैं। कुछ साइलेंट राशन कार्ड धारक हैं, जिन्होंने पिछले 1 साल में राशन नहीं उठाया है। 6 से 12 महीने के बीच भी राशन नहीं उठाने वालों का नाम भी इस सूची में शामिल किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र वाले युवक के नाम पर भी राशन कार्ड जारी कर दिया गया है। कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनका निधन हो गया है, लेकिन उनके नाम पर भी राशन उठाया जा रहा है। साथ ही फोर व्हीलर के मालिक भी राशन कार्ड धारक की सूची में शामिल हैं। ऐसे सभी लोगों का सत्यापन कर उनका नाम डिलीट किया जाएगा। रामगढ़ जिले में गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाने वाले लोगों की सूची में 66316 लोग शामिल हैं।

### गोला, मांडू और पतरातू प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का बना सिर दर्द

गोला, मांडू और पतरातू प्रखंड जिला आपूर्ति कार्यालय का सिर दर्द बन गया है। इन तीनों प्रखंडों में बड़े पैमाने पर गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाये गये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मरे हुए लोगों के नाम पर भी यहां बड़े पैमाने पर राशन उठाया जा रहा है। गोला प्रखंड में 1019 लोग ऐसे हैं जिनका निधन काफी पहले हो चुका है। मांडू प्रखंड में मरे हुए व्यक्तियों की संख्या 1725 है, तो पतरातू प्रखंड में 1396 मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन प्रतिमा उठाया जा रहा है। आधार कार्ड से इन सभी मामलों की पुष्टि भी हो चुकी है। गोला प्रखंड में 100 साल से अधिक उम्र के 64 व्यक्ति, मांडू प्रखंड में 66, पतरातू प्रखंड में 36, दुलमी प्रखंड में 31, रामगढ़ प्रखंड में 18, चितरपुर प्रखंड में 12 और रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में 20 लोग शामिल हैं हकीकत यह है कि उनमें से भी कई लोगों का निधन हो जाने की संभावना है। इसका सत्यापन भी सर्वे के दौरान कराया जा रहा है।

## टीबी के मरीजों के लिए पोषण टोकरी का वितरण




चतरा (आजाद सिपाही)। सिविल सर्जन कार्यालय स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र, में टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद द्वारा 40 टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपना वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की नियमित जांच कराकर दवा का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित दवा के सेवन से यक्ष्मा रोग को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलायी जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी देते हुए बताया कि निश्चय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिले के टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया जा रहा हैं। टंडवा प्रखंड के अंतर्गत दस पंचायतों को चिन्हित कर टीबी गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ओर दो सालों में चिन्हित पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से मो तबरेज, रवीन्द्र कुमार, नवीन मिश्रा, अनु कुमार, सुरेश मंडल, संजय यादव, राजेश कुमार, समस्त अधिकारी, यक्ष्मा कर्मी और सीनी संस्था से मुंतज़िर, अमरजीत, ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

## भाजपा मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने दिया इस्तीफा



चतरा (आजाद सिपाही)। भाजपा मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कमलेश कुमार साहनी ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे भाजपा में दो दशक से सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने अपना इस्तीफा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता को सौंपा है। कमलेश साहनी ने कहा कि भाजपा का निष्ठावान कार्यकर्ता रहा हूं। पार्टी में बूथ अध्यक्ष, पंचायत संयोजक, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक सह मत्स्य विभाग के पूर्व सांसद प्रतिनिधि रहे है। पार्टी के नीति सिद्धांत के अनुसार काम किया। लेकिन सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान के कार्य शैली से क्षुब्ध होकर सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा है कि जब से विधायक का चुनाव हुआ है। तब से भाजपा का जनाधार समाप्त होते जा रहा है। विधायक लोजपा पार्टी का जनाधार बढ़ाने में लगे हुए है। भाजपा कार्यकर्ताओं का फोन तक नही उठाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाला समय में सांसद और विधायक लोजपा का होगा। कार्यकर्ताओं की शिकायत कोई सुनने वाला नही है।

## खरीफ 2025 के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार रथ रवाना



चतरा (आजाद सिपाही)। खरीफ 2025 के अंतर्गत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज समाहरणालय परिसर, चतरा से उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने किसानों को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह प्रचार रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी देगा, जिससे वे अपनी फसलों का बीमा समय पर करवा सकें और प्राकृतिक आपदाओं या अन्य कारणों से फसल क्षति होने की खरीफ 2025 के लिए निर्धारित बीमित राशि भदई मकई (मक्का) 48,300 प्रति हेक्टेयर तथा अगहनी धान 63,525 रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा प्राप्त कर सकें। उपायुक्त ने अधिकाधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना किसानों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे फसल क्षति की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समितियां,सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं कृषक मित्र उपस्थित थे। सभी ने फसल बीमा योजना की सफलता हेतु संकल्प लिया।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

कुंदा( चतरा) । प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ा पंचायत के कुटिल गांव में स्कूल के पास 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली नहीं रहने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है। साथ ही स्कूली बच्चों को मोबाइल चार्ज नहीं होने से ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रहा है। इसके अलावा कई अनेकों कामों में बाधा उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त और विद्युत विभाग के पदाधिकारी से टांसफार्मर बनवाने या दूसरा लगवाने का मांग की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना संख्याः एमईसीएचसीकेपी-25-26-12, दिनांक 22.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** आदित्यपुर में त्वरित जल भरने की व्यवस्था का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,51,15,288.40; **बोली सुरक्षाः** रु. 2,25,600। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **निविदा खुलने का स्थानः** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होने चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होने चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।**(PR-433)**

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 16 date 08/04/2025. I Lopa Santra, W/o. Pranay Santra, Aged About 32 Year by faith hindu,residing at utter sonatala Paschim Para, Dist.howra - 711412, do hereby solemnly affirm and ceclare as follows :-
1. That in my Aadhar Card bering No. 6604 8646 5493 which is my correct date of birth 2. That in my Ayushman Bharat Card Vide No. SSB/14080702 my date of birth has been written as 05/08/1992 which is wrong.
3. That now i am swearing this Affidavit for declaring that my actual and correct date of birth is 05/08/1993 as per my aforesaid Aadhar Card and also my birth Certificate.
4. That i am in National by birth. That the statements made above are true to my knowledge.

# सिस्टम पर खड़े होते सवाल

'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी इमानदारी से देखा जाना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की थी। दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ चिंता भी पैदा करता है।

**दोषी कौन:** 11 जुलाई 2006 को सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों में 187 लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि 824 घायल हुए थे। बांबे हाइकोर्ट के फैसले से 19 साल बाद सवाल वहीं घूम कर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है?

**शर्मनाक लापरवाही:** हाइकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ीं, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही बरती गयी। यह भी शर्मनाक है कि आरोपियों को टॉर्चर किया गया।

**मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के आरोपियों के बरी होने पर सवाल उठते हैं, क्योंकि हाइकोर्ट में सबूतों की धज्जियां उड़ीं और जांच में लापरवाही बरती गयी। सुप्रीम कोर्ट ने झूठे मुकदमों के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए कानून बनाने का सुझाव दिया है।**

**निचली अदालतों पर सवाल:** 12 लोग इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिये जिल्लत की जिंदगी जीते रहे। जेल में वे लोग थे, लेकिन उनके साथ सजा पूरे परिवार ने भुगती। यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। और यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो।

**सुप्रीम कोर्ट का सुझाव:** कलकत्ता हाइकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनायी थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी, ताकि सिस्टम को उसकी चूक की कीमत का पता चले।

**ताकि भरोसा बना रहे:** महाराष्ट्र सरकार ने हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जायेगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास 'सुनने का समय' नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। अब समय आ गया है कि हम फिर से रिश्तों, संवाद और करुणा की दुनिया की ओर लौटें, अन्यथा अकेलापन, उदासी और असंतुष्टि की भावनाएं कचोटती रहेगी। मानो खुद के होने का एहसास, कोई इच्छा ही ना बची हो।**

# दुनिया की लाखों जिंदगियों में जहर घोलता अकेलापन

**ललित नारायण**



दुनिया का हर छठा व्यक्ति अकेला है, यह निष्कर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ताजा रिपोर्ट का है, जिसने पूरी दुनिया को चिंता में डाला है एवं सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हम कैसी समाज-संरचना कर रहे हैं, जो इंसान को अकेला बना रही है। निश्चित ही बढ़ता अकेलापन कोई साधारण सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है, जो व्यक्तियों, समाजों, और व्यावसायिक संस्थानों को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों और संवादहीनता की स्थितियों में नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं। गौर करे तो इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियों में महामारी के रूप में जहर घोल रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। वृद्ध तो पहले से ही सामाजिक एवं पारिवारिक विसंगतियों में उपेक्षित हैं। निश्चय ही जीवन की विसंगतियां एवं विषमताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान और तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है।

**कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना एवं महंगी होती जीवनशैली ने अकेलेपन के संकट को गहरा बनाया है।**

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी आज किसी न किसी रूप में अकेलेपन, सामाजिक अलगाव या भावनात्मक दूरी का शिकार है। यह स्थिति केवल वृद्धजनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं, कामकाजी पेशेवरों, और यहां तक कि बच्चों तक फैल चुकी है। डिजिटल युग में जहां सब कुछ 'कनेक्टेड' लगता है, वहीं इंसानी रिश्तों में एक अदृश्य दूरी, कृत्रिमता और आत्मीयता का अभाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में हम जितने अधिक जुड़े हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से अकेले हो गये हैं। व्यक्तिवादी सोच, सामाजिक दुष्प्रभाव एवं रिश्तों की बिखरती दीवारों में अकेलेपन का घातक प्रभाव सामाजिक ढांचे पर गहरे रूप में पड़ रहा है। पारिवारिक संबंधों में दरारें, विवाहों में असंतोष और तलाक की बढ़ती दरें इसकी साफ निशानी हैं। युवा पीढ़ी में अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति और नशे की ओर झुकाव एक चिंताजनक ट्रेंड बन गया है। बुजुर्गों में अकेलेपन से उत्पन्न अल्जाइमर, डिमेंशिया और अन्य मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास 'सुनने का समय' नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। अब समय आ गया है कि हम फिर से रिश्तों, संवाद और करुणा की दुनिया की ओर लौटें, अन्यथा अकेलापन, उदासी और असंतुष्टि की भावनाएं कचोटती रहेगी। मानो खुद के होने का एहसास, कोई इच्छा ही ना बची हो। तब छोटी-छोटी चीजों में छिपी खूबसूरती नजर ही नहीं आती। ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत से लोग जिंदा हैं, पर जीवित होने के जादुई एहसास को कम ही छू पाते हैं। सोच के भौतिकवादी एवं सुविधावादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से कुंठा, हताशा और अवसाद का विस्तार हो रहा है, जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन या अकेले होने की ओर धकेल देती है। निश्चित ही सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है, कृत्रिम है, दिखावटी है। हर कोई सोशल मीडिया मंचों पर हजारों मित्र होने का दावा करता है, लेकिन ये मित्र कितने संवेदनशील हैं, कितने करीब हैं, इन प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक ही है। यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल अकेला एवं गुमसुम होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता, अकेलापन दूर नहीं कर सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते।

विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आयी है, जिससे व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होने लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप एवं एकल परिवारों का बढ़ता प्रचलन भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े-बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुल कर आर्थिक और सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। लेकिन अब बुजुर्ग एकाकीपन एवं अकेलेपन से जूझ रहे है। केरल में इसी तरह के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझ-बूझ भरा कदम है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित, अकेला एवं उपेक्षित क्यों है, यह एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है। उन्हें वृद्धों के अकेलेपन को लेकर भी चिंतन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल में अकेलापन एक त्रासदी न बन सके।

कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना एवं महंगी होती जीवनशैली ने अकेलेपन के संकट को गहरा बनाया है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों और बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में भी काम का बोझ इंसानों को अकेला बना रहा है। कार्यालयों और कार्यस्थलों पर भी अकेलापन एक गंभीर चुनौती बन रहा है। कर्मचारी भावनात्मक जुड़ाव की कमी के कारण कार्य में रुचि नहीं लेते। टीम वर्क, इनोवेशन और सहयोग पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। अकेलापन लंबे समय तक बना रहा, तो यह बर्नआउट, कार्य से असंतोष और कर्मचारी त्यागपत्र जैसी स्थितियों को जन्म देता है। इससे उत्पादकता में भी गिरावट आती है। मेकिंसे और डेलॉइट जैसी वैश्विक परामर्शी कंपनियों की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि अकेलापन कर्मचारियों की उत्पादकता को 15-20 प्रतिशत तक घटा सकता है, जिससे कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। अकेलेपन के इस संकट से निपटने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ समय बिताना ही असली 'समृद्धि' है। कंपनियों और संस्थानों में कर्मचारियों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को समझने वाला नेतृत्व चाहिए। डिजिटल संवाद की जगह आमने-सामने संवाद, 'वर्क फ्रॉम होम' की जगह 'वर्क विद कम्युनिटी' को प्राथमिकता देनी होगी। ऑफिसों और समाज में काउंसिलिंग, समूह चर्चा, मेडिटेशन और योग को प्रोत्साहन दिया जाये। सरकारों को अकेलेपन को एक जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता देनी चाहिए और सामाजिक समावेश के लिए ठोस कार्यक्रम चलाने चाहिए।

डब्ल्यूएचओ का वह आंकड़ा भी चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। यह दर्शाता है कि व्यक्ति न केवल समाज और अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाये। यह एक संवेदनहीन एवं बेहूदा प्रतिक्रिया थी। दरअसल लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है, तो वह सब कुछ कर सकता है, जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति अकेलेपन को जीने के लिए अभिशप्त है। सही बात यह है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे और कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गये हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार अकेला या एकाकी होता जा रहा है। असल में अकेलापन तभी मिटेगा, जब हम फिर से इंसान बनेंगे- संवेदनशील, सजीव, संवाद और रिश्तों की गर्माहटत से भरे हुए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## झारखंड के पहले ट्रांसजेंडर क्लिनिक का जमशेदपुर में उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पहले ट्रांसजेंडर क्लिनिक का उद्घाटन जमशेदपुर के मानगो स्थित उमा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में किया गया। बुधवार को उद्घाटन के दौरान विभिन्न क्षेत्र से 50 से अधिक ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यगण उपस्तित रहे। पीपल फॉर चेंज और उमा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास और रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ग्रीन के सहयोग से शुरू की गयी। क्लिनिक में हर मंगलवार और शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा दी जायेगी। मौके पर उमा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ओम ने कहा मेडिकल स्टाफ को विशेष रूप से संवेदनशीलता का प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के इलाज करा सकें।पीपल फॉर चेंज के संस्थापक सौविक साहा ने इसे ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बड़ा कदम बताया।उन्होंने कहा यह क्लिनिक ट्रांसजेंडर अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 की भावना को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## समान काम के समान वेतन की मांग को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की चाकुलिया प्रखंड कमिटी ने बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती को समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर आगामी (4 से 7 अगस्त) प्रस्तावित विधानसभा घेराव के संबंध में मांग पत्र सौंपा। विधायक ने आश्वासन दिया वे सत्र के दौरान मांगों को मजबूती से उठाएंगे। इस अवसर पर जिला सचिव गोविंद गोप, प्रखंड अध्यक्ष पूर्ण चंद्र हांसदा समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीएससी कर्मियों ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र, चतरा आत्महत्या मामले की जांच की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नीमडीह।** सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड स्थित विभिन्न पंचायतों के प्रज्ञा केंद्र कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। बुधवार को सौंपे गए मांग पत्र में चतरा जिले के सीएससी कर्मी द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सीएससी कर्मियों ने कहा पूरे झारखंड में प्रज्ञा केंद्र संचालकों को कई तरह की प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिससे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित होती है। उन्होंने कहा इस तरह की घटनाओं को रोका जाना चाइए। उन्होंने जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर खड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए मांग की। मौके पर आदरडीह के तारकनाथ दास, लुपुंगडीह के विवेक गोप, टेगाडीह के सचिन सिंह, चेलियामा के विधान चंद्र मंगल, तिल्ला के उत्तम कुमार राम, सीमा गुंडा के बासुदेव महतो, लाकड़ी के विभीषण महतो, चिगड़ा पारकीडीह के विश्वनाथन सिंह, गोराडीह के विनोद कुमार मुर्मू, बड़ेदा के रवि रंजक, झिमड़ी के दीनबंधु महतो, हेवेन के अधिर हजाम, समानपुर के उज्जल नाग सहित कई सीएससी कर्मी शामिल रहे।

## कपाली में नाबालिग ने लगायी फांसी


**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली स्थित वार्ड संख्या 21 में 14 वर्षीय नाबालिग मोहम्मद फरमान का संदिग्ध मौत होने का एक मामला प्रकास में आया है। बुधवार को घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। परिजनों ने बताया घर में छोटा था।वह अक्सर पास ही में खाला के घर रुकता था। बुधवार सुबह उसे फंदे से लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही कपाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता पप्पू ने बताया फरमान घर में जगह की कमी के कारण खाला के घर रहता था। फिलहाल पुलिस परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के आदेश का एआइडीएसओ ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी



**रांची/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय द्वारा कैंपस में धरना-प्रदर्शन, तालाबंदी और आंदोलन पर रोक लगाने संबंधी अधिसूचना का ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने कड़ा विरोध किया। एआईडीएसओ झारखंड कमिटी बी के अनुसार यह आदेश छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन है। प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा छात्र आंदोलन कोई गुंडागर्दी नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष का लोकतांत्रिक तरीका है। जब छात्र समुदाय की जायज मांगों की अनदेखी होती है, तब वे विवश होकर आंदोलन का रास्ता अपनाते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह फैसला मनमाना और तानाशाहीपूर्ण है। एआईडीएसओ ने चेतावनी दी यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो छात्र गोलबंद होकर आंदोलन करेंगे।

## जदयू ने बिजली समस्या को लेकर सौंपा मांग पत्र, 10 दिनों में समाधान का मिला आश्वासन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की अनियमितता को लेकर जनता दल के एक प्रतिनिधि मंडल विभाग के जीएम अजीत कुमार को एक मांग पत्र सौंपा। बुधवार को मांग पत्र के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों की समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बिरसानगर, लक्ष्मीनगर, भुईयाडीह, बाबूडीह, बारीडीह, बागुनहातु, मनीफीट समेत कई इलाकों में ट्रांसफार्मर की क्षमता, लटकते तार और क्षतिग्रस्त पोल की समस्या की जानकारी दी। वहीं जमशेदपुर पश्चिमी के उलियान, रामनगर, कुसमनगर, बालीगुमा आदि क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती पर चिंता जाहिर की। मौके पर जीएम अजीत कुमार ने 10 दिनों के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा एक विशेष टीम गठित कर कार्य शुरू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अजय कुमार, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरज सिंह, अमित शर्मा, ममता सिंह समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत जरूरी : विद्युत वरण महतो

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सांसद विद्युत वरण महतो ने संसद में घाटशिला-बहरागोड़ा क्षेत्र के बीच एम्स अस्पताल की स्थापना के लिए मांग की। उन्होंने कहा झारखंड,ओडिशा और पश्चिम बंगाल की सीमाओं से सटे इस इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है। जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानी होती है। सांसद ने कहा इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आदिवासी और अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है।

## शतरंज प्रतियोगिता में16 आइडी यूनिट्स के 85 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के चेस ट्रेनिंग सेंटर में टाटा स्टील आईडी शतरंज 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को रोमांचक समापन समारोह में समापन समारोह में मुख्य अथिति टाटा स्टील के मर्लिन फि रदौस अंकलेसारिया व निर्णायक मंडली में जयंत भुइयां सहित 5 अन्य अनुभवी शामिल रहे। इस अवसर पर 16 आइडी यूनिट्स के 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शेयर्ड सर्विसेज के आदर्श कुमार प्रथम, टीएसके के संजय कुमार स्वेन द्वितीय, और शेयर्ड सर्विसेज के झा कौशल कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। टाटा स्टील आईडी शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की रणनीतिक प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाया गया।

## कुणाल षाड़ंगी की पहल पर 1.01 लाख का बिल माफ

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल मुसाबनी निवासी कृष्णा गुप्ता का टीएमएच में इलाज के दौरान मौत हो गई।इलाज के दौरान टीएमएच में 1,01,657 का बिल परिजनों पर बोझ बन गया था। बुधवार को झामुमो नेता प्रधान सोरेन के आग्रह पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के प्रयास से अस्पताल प्रबंधन ने मानवीय आधार पर पूरा बिल माफ कर दिया।

# योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं दोषियों पर जारी रहेगी कार्रवाई : उपायुक्त

**अबुआ आवास में अयोग्य लाभुकों के चयन पर हुई कार्रवाई, पंचायत सचिव बर्खास्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अबुआ आवास योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24) के अंतर्गत गढ़वा जिला के डंडा प्रखंड में लाभुकों के चयन में अनियमितता प्रकाश में आया है। जांच में पाया गया कि तत्कालीन पंचायत सचिव शंभु प्रसाद ने विभागीय निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों की जगह पर अयोग्य व्यक्तियों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया। मामला संज्ञान में आने पर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा जांच करायी गयी, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई। इस अनुचित कृत्य से योजना की पारदर्शिता प्रभावित हुई और पात्र लाभुकों के अधिकारों का हनन हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शंभु प्रसाद को झारखंड सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के अंतर्गत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक जरूरतमंद को मिलनी चाहिए। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र लाभुकों को मिले। उन्होंने कहा है कि योजनाओं का लाभ देने में अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अनियमितता की स्थिति में दोषियों के विरूद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## गढ़वा शहर स्थित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और नदी-नालों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अंचल अधिकारी गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ अतिक्रमण, यातायात जाम की समस्या, कचरा प्रबंधन, शहरी क्षेत्रों में व्याप्त अन्य अव्यवस्थाओं आदि से निबटने एवं शहरों का सौंदरीकरण करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों, चौक चौराहों, मुख्य सड़क एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, नदी नालों आदि का स्थल निरीक्षण किया तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

## एएनएम पर परिजनों ने नवजात बच्चे को जान से मारने का लगाया गंभीर आरोप

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था एकदम चरमरा गयी है। उपस्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम पर घोर लापरवाही बरते जाने एवं जन्मजात शिशु को जान से मारने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। यहां तक मरीज के परिजनों से निजी मेडिकल से इंजेक्शन मंगाने का भी आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को केतार निवासी मंटू विश्वकर्मा अपने पत्नी अर्चना देवी को प्रसव के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र केतार में भर्ती करवाया। जिसमें कार्यरत एएनएम बबिता कुमारी के द्वारा प्रसव कराई जा रही थी। उसी बीच एएनएम के द्वारा मंटू से निजी मेडिकल से इंजेक्शन मंगवाया, जो नियम के विरुद्ध है। प्रसव किसी प्रकार तो करवाई गयी, परंतु नवजात बच्चा को नहीं बचाया जा सका। ऐसा ही दूसरी घटना प्रखंड क्षेत्र के पालनगर निवासी दिनेश सिंह की पत्नी रजनी देवी सात जुलाई को इसी उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती थी। प्रसव के बाद उनका भी नवजात शिशु की मृत्यु हो गया। बारबार इसी प्रकार की घटना की पुनरावृति से इस उप स्वास्थ्य केंद्र की पोल खुल रही है। परंतु विभागीय अधिकारी नजरंदाज करने में लगे है। उपस्वास्थ्य केंद्र में घोर लापरवाही बरती जा रही है। मंटू ने विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग किया है, जिससे आये दिन ऐसी घटना नहीं घटे। बताते चलें कि केतार उप स्वास्थ्य केंद्र में दो एएनएम अपने परिवार के साथ रहती है। जिससे आये दिन प्रसव के लिए आए मरीज के परिजनों को काफी परेशानी की सामना करना पड़ता है। इस मामले में एएनएम बबिता कुमारी ने लगाए आरोप को निराधार बताया। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने इस मामले में पूछे जाने पर बताया कि मामले की जानकारी मुझे नही है यदि इस प्रकार का मामला प्रकाश में है तो इस पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

## राजकीय जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में पेयजल संकट से जूझ रहे छात्र, शिक्षकों की भी भारी कमी

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। विद्यालय में नामांकित करीब 2500 छात्र-छात्राएं मात्र एक चापाकल के भरोसे हैं, जिससे गर्मी के मौसम में बच्चों को पानी पीने के लिए लंबी कतार में खड़ा रहना पड़ता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक निरंजन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर पंचायत के मुखिया, प्रखंड एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों को कई बार मौखिक व लिखित रूप से अवगत कराया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पठन-पाठन की भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। 2500 विद्यार्थियों के अनुपात में केवल 13 सहायक शिक्षक, 6 वोकेशनल शिक्षक, 5 टीजीटी (जिसमें 2 प्रतिनियुक्ति पर हैं) और 6 पीजीटी (जिसमें 4 प्रतिनियुक्ति पर हैं) कार्यरत हैं। शिक्षकों की भारी कमी के कारण शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की है।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयंती का आयोजन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केआर झा ने लोकमान्य तिलक के व्यक्तित्व और कर्तृत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तिलक जी प्रखर राष्ट्रवादी, उच्च कोटि के विद्वान एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लोकप्रिय नेता थे। जिन्होंने नारा दिया - 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।' वे लाला लाजपत राय एवं विपिन चंद्र पाल के साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में गरम दल के नेता थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच लोकमान्य के जीवन पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस अवसर पर विद्यालय की सी.सी.ए प्रभारी स्नेहा सिंह के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी नौशाद अंसारी पिता स्व. हजरत अंसारी के घर में बुधवार की रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी, जिससे देखते ही देखते घर के अंदर रखा हुआ सभी सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पीड़ित नौशाद अंसारी के अनुसार इस आगलगी की घटना में पत्नी के ईलाज हेतु घर में रखा हुआ 40 हजार रुपये नकद, दो कीमती पलंग सेट, जरूरी घरेलू सामान और महत्वपूर्ण कागजातों से भरा बैग आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को नौशाद घर में ताला लगाकर अपनी बीबी बाल बच्चों के साथ ससुराल गया हुआ था। घर से आग लपटे उठते देख अगल घर में रह रहे उसका मुमताज ने ग्रामीणों की मदद से घर का ताला तोड़कर आग पर काबू पाने की कोशिश की , लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था।

## लगातार हो रहे इस्तीफे लोकतंत्र के लिए खतरनाक : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मिडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संवैधानिक संस्थानों के प्रमुखों और उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार दिये जा रहे इस्तीफे इस बात का संकेत हैं कि देश एक अघोषित आपातकाल की स्थिति में प्रवेश कर चुका है। धीरज दुबे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र संस्थानों की निष्पक्षता और स्वायत्तता से होती है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार से चुनाव आयोग, विश्वविद्यालय, सूचना आयोग, न्यायपालिका और अन्य संस्थानों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां अपने पदों से अचानक त्यागपत्र दे रही हैं, वह चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि सरकार की नीतियों और दबावों के कारण स्वतंत्र कार्य करना संभव नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि देश में डर और दबाव का माहौल बनाया जा रहा है, जहां संस्थान अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं और पदाधिकारी या तो सरकार के आगे झुकने को मजबूर हैं या इस्तीफा देकर पीछे हट रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक स्थिति है। धीरज दुबे ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होता है, लेकिन आज जो भी आवाज उठाता है, उसे या तो दबा दिया जाता है।

## झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: रितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है यह बात खुद झामुमो के भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने स्वीकार किया है जब एक विधायक को अपने ही सरकार को भ्रष्टाचार को लेकर बोलना पड़ रहा है तो बाकी जनता का कौन सुनेगा। जनता अपने काम के लिए भटक रहा है। उन्होंने कहा कि जब सत्ता में बैठे विधायक खुद अपनी ही सरकार में भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं, तो इससे यह साबित होता है कि झामुमो सरकार सबसे कमजोर सरकार है जिसके शासन में जनता लुट रही है। हेमंत सरकार मुकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अबुआ राज में बबुआ सरकार कि यही उपलब्धि है प्रखंड/अंचल जगह भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। जनता त्राहिमाम कर रही है उन्होंने कहा कि गढ़वा सहीत पुरे झारखंड में भ्रष्टाचार अपना पांव पसार चुका है। छोटा से छोटा काम के लिए भी जनता को भ्रष्टाचार के रास्ते गुजरना पड़ रहा है। झामुमो सरकार जनता को रुला रही है हेमंत सरकार में जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है ऐसा लगता है कि झामुमो सरकार में भ्रष्टाचार एक शिष्टाचार बन चुका है सरकारी कार्यालयों में जाने से पहले जनता को भ्रष्टाचार का भय सताने लगता है अबुआ राज में जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर झामुमो विधायक को भ्रष्टाचार को लेकर सदन में भी आवाज उठाना चाहिए।

## सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूली पर कार्रवाई

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक राशि लेकर शराब बिक्री किये जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। गढ़वा जिले के उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने अपनी टीम के साथ भवनाथपुर पहुंच सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी ग्राहक ने लिखित रूप में कोई शिकायत प्रस्तुत नहीं की, बावजूद इसके उत्पाद अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाते हुए दुकान के सेल्समैन को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार शराब दुकान में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## 76वां वन महोत्सव 2025 का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बुधवार को जासा सुरक्षित वन क्षेत्र में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 76वां वन महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव, गढ़वा उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी अंशुमान ने संयुक्त रूप से दीप जला, गुब्बारा उड़ा, पौधा लगा एवं ग्रामीण महिलाओं के बीच पौधा वितरण कर किया। होली क्रॉस उच्च विद्यालय नयाखाड़ व पीएमश्री उच्च विद्यालय चितविश्राम की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष श्री बंशीधर नगर वन क्षेत्र में 2,65,000 सागवान, शीशम, बकाइन, चकुंदी आदि का पौधा लगाया जाना है। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वनस्पति वृद्धि को बढ़ावा देना है। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, पूर्व मुखिया सोहन उरांव, गुलाब राम चंद्रवंशी, गोपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष व वनकर्मी कर्मी उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली, ग्रामीणों ने डीसी से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सगमा प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुकों से अवैध रूप से 30-30 हजार रुपये की वसूली का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत की मुखिया अनीता देवी और उनके पति हनुमत यादव पर यह गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त दिनेश कुमार यादव को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और वसूली गई राशि की तत्काल वापसी की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मामले की जानकारी पूर्व में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को दी गयी थी। एसडीओ ने 8 मई को स्थल निरीक्षण कर आरोपों को सही पाया और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। इसके बाद धुरकी थाना में मुखिया पति हनुमत यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी, लेकिन अब तक न तो वसूली गयी राशि लौटाई गयी है और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम उठाया गया है। लाभुकों का आरोप है कि शिकायत के बाद उन्हें मुखिया पति द्वारा धमकाया भी जा रहा है, जिससे वे भय और तनाव में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे।

आवेदन देने वालों में मालती देवी, अजय राम, उर्मिला देवी, तारा देवी, शिवपति देवी, रेशमी देवी, सबिता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये, ताकि भविष्य में कोई जनप्रतिनिधि गरीबों के हक पर डाका न डाल सके।

## विशुनपुरा में थाना दिवस का आयोजन

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी राहुल सिंह, सीआई जयप्रकाश गुप्ता, अंचल अमीन नीरज चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को मौके पर सुनकर त्वरित समाधान करना था।

### कॉफी विद एसडीएम में मिठाई दुकानदारों के साथ हुआ संवाद

# रक्षाबंधन और अन्य त्योहारों पर मिलावट-मुक्त और शुद्ध मिठाई ही बिके : एसडीएम

**'मिठाईयां सिर्फ स्वाद का विषय नहीं, जन-स्वास्थ्य का भी विषय हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रमुख मिष्ठान विक्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी आदि त्योहारों के दौरान मिठाई की संभावित मांग के अनुरूप शुद्ध मिठाइयों की उपलब्धता, मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता और मिष्ठान व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करना, स्वच्छता, मानक गुणवत्ता आदि पर चर्चा करना था। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकरी अंजना रानी मिंज और सहायक विवेक तिवारी भी मौजूद थे।

**मिलावट से बचने की अपील** एसडीएम ने संबंधित व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि मिठाई सिर्फ स्वाद का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अहम पहलू भी है। इसलिए उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की मिलावट से बचें।

**दुकानदारों ने दिए सुझाव** कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने अपने सुझाव व समस्याएं भी साझा कीं, जिन पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। **कम दाम पर नकली मिठाइयां बेचने वालों की शिकायत :** व्यवसायी प्रवीण जायसवाल, सुरेश कुमार, पंकज पटेल आदि ने एसडीएम के समक्ष समस्या रखी कि क्षेत्र में कम कीमत पर मिलने वाली नकली मिठाइयां उनको व्यवसाय में कड़ी टक्कर दे रही हैं, शुद्ध मिठाई बनाने वालों को बाजार मूल्य निर्धारण करना कठिन हो रहा है, ऐसे नकली लोगों पर कार्रवाई की जाए।

एसडीएम ने सभी विक्रेताओं से ईमानदारी, पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने सभी को भावुक अंदाज में अनुरोध करते हुए कहा कि जब आप मिलावट-मुक्त, शुद्ध मिठाई बनाते हैं, तो आप सिर्फ मिठाई ही नहीं दे रहे होते हैं, बल्कि आप लोगों के दिलों में भरोसा भी दे रहे होते हैं, शुद्ध मिठाई से जो खुशबू आती है दरअसल वह आपकी इमानदारी की महक होती है।


## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय
संबद्धता संख्या - 3420006, विद्यालय संख्या-69558

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी., एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची-834004, निबंधन संख्या : 688/2009-2010 के द्वारा संचालित)

### नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2025-26

### विज्ञापन संख्या - 2259 दिनांक-22.07.2025

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट झारखंड राज्य का एक लब्ध प्रतिष्ठ शैक्षणिक संस्थान है जिसका उद्देश्य झारखंड राज्य के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। 1954 में स्थापित प्रकृति की गोद में बसा यह आवासीय विद्यालय प्राचीन गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का एक अद्भुत संगम है। यहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों में स्वावलंबन एवं उच्च नैतिक मूल्यों के उत्थान के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा-6 में 10 से 12 वर्ष उम्र के 100 (एक सौ) स्वस्थ बालकों के सत्र-2025-26 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैः-

1. नेतरहाट प्रवेश परीक्षा द्वि-स्तरीय होगी जो दो पालियों (2.5-2.5 घंटे की) में एक ही दिन झारखंड राज्य के प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालयों में आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र -1) जो प्रथम पाली में आयोजित होगी, वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी जिसमें बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जायेंगे। यह परीक्षा OMR Sheet में आयोजित होगी एवं नकारात्मक अंकन का प्रावधान नहीं होगा। प्रारंभिक परीक्षा केवल योग्यता निर्धारित करने (Qualifying Nature) वाली होगी। मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र -2) जो द्वितीय पाली में आयोजित होगी, विषयनिष्ठ प्रकृति (Subjective Type) की होगी। प्रथमतः प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र-1) के परीक्षा परिणाम के आधार पर मेघा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में कुल सीटों के 5 गुना (कुल 500) छात्र चयनित किए जायेंगे एवं सिर्फ इनकी ही मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र-2) की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। चयनित 500 छात्रों की सिर्फ मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र-2) के प्राप्तांको के आधार पर पुनः मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में कुल सीटों के 1.5 गुना (कुल 150) छात्रें का चयन शारीरिक जाँच सह मनोवैज्ञानिक परीक्षण हेतु किया जायेगा ताकि छात्रों की विद्यालय की आवासीय संरचना में शारीरिक एवं मानसिक रूप से सामंजस्य स्थापित करने की योग्यता का आकलन किया जा सके। शारीरिक जाँच में स्वास्थ्य के साथ उम्र की भी जाँच की जायेगी। उम्र के निर्धारण में मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। तत्पश्चात शारीरिक जाँच सह मनोवैज्ञानिक परीक्षण में सफल छात्रों में से मेधा क्रमानुसार एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों का नामांकन सभी प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात लिया जायेगा
2. प्रवेश परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :-

| क्रम. सं. | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | 25.07.2025 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 31.08.2025 |
| 3 | ऑनलाइन प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.09.2025 से प्रारंभ |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 12.10.2025 (रविवार) |

**3. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ / शर्तें निम्नांकित हैं :-**

(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी / स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) 01 अगस्त 2025 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक-01.08.2013 से 31. 07.2015 के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ग) अभ्यर्थी झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 5 अथवा उच्चतर कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण हो। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा 5 अथवा उच्चतर कक्षा की उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षितवर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र यथाः अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/पिछड़ावर्ग/आर्थिक रूप से पिछडावर्ग प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ड.) **उपरोक्त सभी प्रमाणपत्र अनिवार्य है। प्रमाणपत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।**
/यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाणपत्रें की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

**4. सामान्य निर्देशः-**

**(i) लिखित प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् हैः-**

| प्रथम पाली (10:00 पूर्वह्न से 12:30 अपराह्न) | | | |
|---|---|---|---|
| | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र -1) (100 अंक) | मानसिक योग्यता | 20 | प्रत्येक विषय में 1 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रकृति क 20 बहुवैकल्पिक प्रश्न |
| | हिन्दी | 20 | |
| | गणित | 20 | |
| | विज्ञान | 20 | |
| | सामाजिक अध्ययन | 20 | |
| द्वितीय पाली (01:30 अपराह्न से 04:00 अपराह्न ) | | | |
| | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र -2) (100 अंक) | हिन्दी | 25 | प्रत्येक विषय में 25 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रकृति के प्रश्न |
| | गणित | 25 | |
| | विज्ञान | 25 | |
| | सामाजिक अध्ययन | 25 | |

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित कि जोयेगी जिनकी सूचि निम्नवत् है :-

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खूँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा जिन्हें पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्र हल कर सकें। प्रवेश परीक्षा का माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी होगा।
(iv) यह सूचना नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर भी उपलब्ध है।
(v) आवेदन करने की विधि आवेदन सिर्फ **Online** माध्यम से विद्यालय के वेबसाइट जाकर किया जा सकता है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर **Online** आवेदन के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।
(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाणपत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर छात्र की अभ्यर्थिता रद्द करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
(vii) आवेदन में दी गयी जानकारियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।
(viii) आवेदन शुल्क : आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।
(ix) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय-समय पर उपलब्ध रहेगी। प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में दूरभाष संख्या 6201750193 पर कार्य दिवसों में **पूर्वाह्न** 10:00 बजे से **अपराह्न** 04:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

ह0/-
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

# राज्यपाल से मिला गुरुकुल शांति आश्रम का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं लोहरदगा जिला सेवा भारती का एक प्रतिनिधि मंडल राज भवन रांची में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उन्हें अशोक स्तंभ की स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छा, राम दरबार की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किये। गुरुकुल में निर्मित कई पौष्टिक चीजें, एवं आयुर्वेदिक दवा भी भेंट किये। इस शिष्टाचार मुलाकात में थे। प्रतिनिधिमंडल ने लोहरदगा जिला में संस्कृतिक समस्याओं के साथ-साथ इस क्षेत्र के कई गतिविधियों की जानकारी दी। महामहिम को लोहरदगा आने का भी निमंत्रण दिये। महामहिम ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक सुने। प्रतिनिधिमंडल में गुरुकुल आश्रम के आचार्य शरदचंद्र आर्य, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, अजय पंकज, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ सम्मिलित थे।

# कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए पंचायत स्तर पर कार्यक्रम चलायेगी : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बुधवार को बेतला के जनता लाज में कांग्रेस पार्टी प्रमंडल स्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू और पार्टी के सह प्रभारी और मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को पंचायत स्तर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए टास्क दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले कुछ महीनो में हमारी पार्टी पंचायत स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर संगठन की मजबूती की समीक्षा करेगी और इसकी पूरी जवाबदेही जिला और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी की होगी। बैठक के दौरान राज्य के मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता खुद को राज्य का विधायक और मंत्री समझे और जनहित के लिए काम करते हुए अंतिम व्यक्ति की सेवा करें ताकि कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत और उद्देश्य सही तरीके से धरातल पर उतर सके। वहीं दूसरी ओर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस एक विचारधारा है और हमारी जिम्मेदारी है कि इस विचारधारा को गांव, पंचायत से लेकर शहर के वार्ड स्तर तक मजबूती से स्थापित करें। संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही मजबूती से जनसेवा की राजनीति आगे बढ़ेगी। विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा बरवाडीह जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी निकायों तक कांग्रेस को एकजुट और सशक्त बनाना समय की मांग है। संगठन सृजन का यह पहल स्वागतयोग्य है। मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष औबेदुल्ला अंसारी, पलामू जिला प्रभारी विनय सिंह दीपू, गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह लातेहार जिला सह प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्णिमा पांडेय, रुद्र शुक्ला, जिला अध्यक्ष गुजर उरांव, पलामू जिला अध्यक्ष बीटू पाठक, जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, विजय चौबे, सुरेंद्र भारती, लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव समेत तीनों जिला के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## बैठक शुरू होते ही चले गये पूर्व मंत्री

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बेतला में आयोजित प्रमंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आगमन के साथ बैठक की शुरुआत पूर्ण रूप से होनी थी। वहीं इस दौरान मौके पर मौजूद राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी किसी दूसरे कार्यक्रम का हवाला देकर कार्यक्रम को बीच में छोड़कर चले गये।

# ‘चलो चलें सुल्तानगंज’ कांवर यात्रा आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के तत्वावधान में आगामी सोमवार, 28 जुलाई 2025 को विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा घाघरा स्थित देवाकी बाबा धाम मंदिर (गुमला जिला) तक पैदल जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांवरिया संघ के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल ने बताया कि यात्रा हेतु 24 जुलाई को एक टोली सुल्तानगंज से गंगाजल लेने के लिए रवाना होगी, जिसके लिए अब भी 15 सीटें खाली हैं। इच्छुक श्रद्धालु मोबाइल नंबर 6203163101 पर संपर्क कर सकते हैं। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 8 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर शिव-पार्वती की भव्य झांकी और रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ श्रद्धालु भी भक्ति रस में झूमेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और भाईचारे का प्रतीक है। आप सभी शिवभक्तों से निवेदन है कि इस पावन यात्रा में सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# नाटक के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौंदी पंचायत अन्यर्गत उरु चटकपुर में और झलजमीरा पंचायत ग्राम में जिला आपूर्ति शाखा के निर्देश पर नाटक के माध्यम से कार्डधारियों को राशन नही मिलने पर शिकायत करने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। पेशरार प्रखंड क्षेत्र के दुंदरु निवासी लोकनाथ लोहरा कला जत्था दल के कलाकारों द्वारा चटकपुर और झलजमीरा में नाटक का मन्वह्न कर राशन की कालाबाजारी का रोकथाम और कार्डधारियों को राशन नही मिलने पर जानकारी देते हुए बताया गया की राशन की कालाबाजारी होने और राशन नही मिलने पर कार्ड धारियों द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास आवेदन दे कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। सरकार का उद्देश्य है की कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे जिसके लिये सरकार मुफ्त में चावल गेंहू दे रही है। कोई भी पीडीएस दुकानदार कार्डधारियों को राशन नही दे कर राशन की कालाबाजारी करता है तो शिकायत मिलने से उस पर नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर कला जत्था दल के सचिव लोकनाथ लोहरा, भंडारी उरांव, रमेश महली,आकाश लोहरा, सुशांती देवी, विजय असुर, सुजीत सिंह समेत अन्य कलाकार और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थिग थे।

## लातेहार में 76वें वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# पौधरोपण कर जागरूकता का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार वन प्रमंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में वन प्रमंडल, लातेहार अन्तर्गत वन प्रक्षेत्र, लातेहार के रा +2 उच्च विद्यालय पाण्डेयपुरा, लातेहार में 76 वें वन महोत्सव कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, जलवायु संतुलन और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से वृक्षारोपण में भागीदारी करने का आह्वान किया।

मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए, तभी इस अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी।

मौके पर वरीय पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्य, वन विभाग के कर्मियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# डीसी ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को लोहरदगा जिला में मोटर वाहन अधिनियम का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पेट्रोल पंप में बिना हेल्मेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिये जाने, नियमित रूप से विभिन्न चौक-चौराहों व अन्य स्थल चयन कर वहां वाहन चेकिंग अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया। अभियंता, एनएच, एनएचआइ और पथ प्रमंडल को अपने-अपने विभागों के खराब पथों की मरम्मति और गड्ढों को भरे जाने और झुके पेड़ों के टहनियों की छंटाई एवं सूखे पेड़ों की कटाई कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी पथों में गतिसीमा से संबंधित साइनेज लगाये जाने का निर्देश दिया गयां सभी थाना क्षेत्र में ड्रंक एण्ड ड्राईव से संबंधित जांच अभियान चलाये जाने व मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करनेवालों को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिया गया। हिट एंड रन के मामले थानों से प्राप्त कर उसका निष्पादन कराये जाने का निर्देश दिया गया। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को बॉक्साइट की ढुलाई करते समय ट्रकों में बॉक्साइट को ढंक कर परिवहन किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सांसद के निजी सचिव आलोक साहू द्वारा महिला महाविद्यालय के पास मुख्य पथ में गड्ढों को भरे जाने, अरूं पुल के पास बने गड्ढों को भरे जाने, मुख्य पथों से सूखे पेड़ों को हटाये जाने, पतराटोली मुख्य पथ में स्पीड ब्रेकर, शंख पुल में गड्ढों को भरे जाने, अपर बाजार क्षेत्र में मुख्य पथ में अतिक्रमण आदि से संबंधित मामले रखे गये। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, डीटीओ सुधीर प्रकाश समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सहायिका चयन के लिए आम सभा




**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन हेतु आम सभा रखी गयी। यह आमसभा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुडू सोनिया मंजूल के अध्यक्षता में रखी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से बड़की चापी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, बड़की चापि पंचायत के मुखिया राजधन भगत ,महिला पर्यवेक्षिका कुडू सीडीपीओ कार्यालय कुसुम , बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी, ग्राम प्रधान बड़की चापि एतवा उरांव, सेविका चाँपि आंगनबाड़ी केंद्र सरिता देवी, शिक्षिका सरोज देवी सहित कई गण्यमान्य लोग, ग्रामीण उपस्थित हुए। इस मौके पर सहायिका के चयन हेतु कुल 6 आवेदिका ने आवेदन दी। जिसमें संगीता कुमारी पति संतोष भुईया का मैट्रिक का शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न था। साथ ही अन्य पांच आवेदिका का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र (तीनो प्रमाण पत्र) सभी का पूर्ण नहीं था।

# सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरयू।** लातेहार गारू प्रखंड के कोटाम पंचायत अंतर्गत बैगा टोली में सड़क के क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन बाधित है। ग्राणीणों ने बताया कि यह सड़क कोटाम से रूद पंचायत को जोड़ने वाला मुख्य सड़क है, जो करीब 1 वर्ष पहले से क्षतिग्रस्त पड़ा है। निर्माण होने के कुछ दिन बाद ही सड़क क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गारू को लिखित आवेदन देकर अवगत काराया गया था। जिसपर त्वरित काईवाई करते हुए संबंधित विभाग के दवारा सड़क को मरम्मत किया गया था। परंतु बारीश के कारण दुबारा सड़क क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण हमलोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रहा है। आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष आशिष कुमार सिंह ने कहा कि 1 वर्ष से सड़क का क्षतिग्रस्त रहना काफी निंदनिय है। जिसपर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क को जल्द से जल्द मरम्मत करने की अपील की है, ताकि आवागन हो सके। इस मौके पर आजसू प्रखण्ड सचिव शुभम सिंह, मंगलदेव पासवान, राजहंस पासवान, रंजीत उरांव, सोनू कुमार, विकाश पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# मुखिया ने नाले की सफाई की मांग की, सौंपा मांग पत्र

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भैंसमुंदो पाड़ेबांध डैम के किनारे चावरा के खेतों तक बनाया गया नाला को अतिक्रमण करने की शिकायत पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी से की है। साथ ही कच्चा नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी को दिए आवेदन में उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा है कि भैसमुंदो गांव स्थित पाड़ेबांध डैम से भैयागांव चावरा खेतों में सिंचाई के लिए एनएच 143 एजी से होकर कच्चा नाला बना हुआ है। जिसे बेदाल दांड़ टोली निवासी कृष्णा साहू की पत्नी कलावती देवी द्वारा नाला को अतिक्रमण कर भैयागांव में आवास निर्माण कराया जा रहा है। इससे खेतों तक नहर का पानी जाना बंद हो गया है। इससे बारिश नहीं होने पर किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचना तय है।

# चिन्हितीकरण आयोग में सरलीकरण के नाम पर फर्जीवाड़ा का आरोप लगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को नीरू शांति भगत के आवासीय परिसर में जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय समन्वय समिति सदस्य अनिल कुमार भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत, केन्द्रीय महिला संयोजिका विनिता खलखो, एरेन कच्छप, मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि चिन्हितीकरण आयोग में सरलीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीकरण हुआ है। इससे वास्तविक आंदोलनकारी का चयन नहीं होकर फर्जी आंदोलनकारियों को चिन्हित किया गया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। राज्य निर्माणकर्ताओं के पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकारें विफल रहे। सरकार को आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने सहित 14 सूत्री मांग पत्र दिया गया है। प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश के खिलाफ आंदोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन करे, ताकि आंदोलनकारियों की सभी तरह के समस्याओं का समाधान हो सके। उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं दिशोम गुरु झारखंड आंदोलनकारी के पुत्र हैं। वे झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और हक अधिकार देने के लिए पहल करते हुए जल्द से जल्द आंदोलनकारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। विनिता खलखो ने कहा कि केन्द्रीय समिति द्वारा सरकार को मांग पत्र दी गयी है, उसे सरकार को मनवाने के लिए लगातार संघर्ष की आवश्यकता है।

# विद्यालयों में बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं : डीइओ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अब नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का सख्ती से पालन कराया जायेगा। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित शिक्षक, शिक्षिका या विद्यालय के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, जिले के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम में निहित प्रावधानों का अक्षरश: अनुपालन हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ विद्यालयों एवं शिक्षकों द्वारा अधिनियम की अनदेखी करने के मामले सामने आये हैं। ऐसे मामलों को अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि भविष्य में किसी विद्यालय में अधिनियम के उल्लंघन अथवा छात्रों से संबंधित किसी अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है, तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध प्रासंगिक कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों से अपेक्षा जतायी कि वे छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए अधिनियम का पालन करें और विद्यालय को बाल-अनुकूल वातावरण प्रदान करें।

# टोंगारी स्कूल में पुलिस ने लगाया जनसंपर्क शिविर, बांटी सामग्री



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छिपादोहार थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ति और नक्सल प्रभावित क्षेत्र पंचायत लात के टोंगारी उत्क्रमित विद्यालय परिसर मे बुधवार को डी/ 11 वीं बटालियन के द्वारा जनसंपर्क अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू, कमांडेड 11वी बटालियन यादराम बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी पिताबसा पंडा उपस्थित थे। मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू ने मौजूद ग्रामीणों और स्कूली बच्चो को सम्बोधित कर कहा है कि सरकार के निर्देश के अलोक मे पुलिस जनसम्पर्क योजना चला रही है जनसंपर्क चलाने का मुख्य उदेश्य ये है कि ग्रामीण और पुलिस का मधुर सम्पर्क हो दु:ख सुख एक साथ हो, आप पुलिस को देखकर भागे नही, आपकी किसी तरह की परेशानी हो या नक्सली परेशान कर रहे हो आप बिना डरभय के टोंगारी सीआरपीएफ अपने अधिकारी से समस्या बताए, आपकी हर समस्या का निदान किया जाएगा। वही मौके पर स्कूली बच्चे को बैग, कॉपी पैंसिल और ग्रामीणों के बिच लईट, रेडिओ, दरी, सड़ी, धोती समेत अन्य समाग्री का वितरण किया गया। मौके पर उप कमांडेड मुकेश कुमार, हरी केश नाथ, सहायक उप निरीक्षक उमाकांत तिवारी,मुकेश माझी, समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# घरेलू विवाद में युवती ने खाया जहर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के जुरिय गांव में बुधवार दोपहर एक घरेलू विवाद के बाद एक युवती द्वारा जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार किसी पारिवारिक बात को लेकर दो बहनों के बीच कहासुनी हो गयी थी। उसी दौरान युवती ने मानसिक तनाव और आक्रोश में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत उसे लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ केके मिश्रा ने प्राथमिक इलाज के बाद युवती की हालत नाजुक बतायी और उसे बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# मां उग्रतारा मंदिर पहुंचे एसडीओ, सुरक्षा को लेकर दिये कई दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव की पहल पर लातेहार जिले के अनुमंडलाधिकारी अजय रजक नगर स्थित मां उग्रतरा मंदिर परिसर पहुंचे। उनके साथ चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, चंदवा थाने के सहायक अवर निरीक्षक सरवन कुमार आदि पदाधिकारी भी मौजूद थे। मंदिर पहुंच कर अधिकारियों ने सर्वप्रथम मां उग्रतारा की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद श्री शाहदेव के द्वारा उन्हें मंदिर परिसर में रखे दान पेटी का अवलोकन कराया गया। बताते चले कि गत्त दिनों इसी दान पेटी का ताला तोड़ कर अज्ञात अपराधियों ने रुपए चुरा लिए थे। जिसके बाद पूरे राज्य में हड़कंप मच गया था। चंदवा शहर में एक के बाद एक विरोध प्रदर्शन हुए और कई महतपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने मंदिर का दौरा भी किया था। लाल मोतीनाथ शाहदेव ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए ज़िले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से आग्रह किया था कि मंदिर संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयास किया जाये। मंदिर भ्रमण के बाद परिसर में ही महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में उपस्थित लोगों ने तथा मंदिर के पुजारी अस्विनी मिश्रा ने मंदिर की प्रमुख समस्याओं से अनुमंडलाधिकारी को अवगत कराया। मंदिर की समस्याओं पर बात करते हुए श्री शाहदेव ने अनुमंडल अधिकारी को कहा कि मंदिर में बेहतर क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे और उसको संचालित करने के लिए बैटरी और इनवर्टर जैसे उपकरणों की तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही मंदिर के दान पेटी को सुरक्षित करने के लिए लोहे के ग्रिल की व्यवस्था पर भी उपस्थित लोगों ने अनुमंडल अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया।

श्री शाहदेव ने मंदिर परिसर के आसपास शराब की बिक्री को भी चिंता नहीं बताते हुए इस पर रोक की मांग की। साथ ही मंदिर के पुजारी अश्विनी मिश्र ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र को पॉलीथिन और थमोकोल मुक्त करने का अनुरोध भी अनुमंडल अधिकारी से किया। इन सभी विषयों को गंभीरता से सुनने के बाद अनुमंडल अधिकारी ने इन्हें स्वीकार किया और कहा कि जल्द ही मंदिर और आसपास के क्षेत्र कई व्यवस्था किये जायेंगे। मंदिर संबंधी जरूरी सूचनाओं के सूचना पट्ट लगाने, पुलिस की गश्ती बढ़ाने आदि आदेशों पर भी अपनी सहमति दे दी। बैठक में उपस्थित मोती नाथ शाहदेव ने अपने निजी खर्चे से मंदिर परिसर में तत्काल सीसीटीवी के व्यवस्था करने की बात कही। जिसका उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। अनुमंडल अधिकारी ने मंदिर के आसपास गश्ती बढ़ाने और मंदिर में हुई चोरी की घटना का जल्द उद्वेदन करने का आदेश भी दिया।

## पुलिस ने जारी की चेन झपटनेवालों की 'वांटेड' सूची, 25 हजार का इनाम




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में घटित चेन छिनताई की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पलामू पुलिस ने अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर ठोस पहल की है। इसी क्रम में 'वाटेड' पोस्टर जारी किया है, जिसमें अज्ञात बाइक सवार अपराधियों की सूचना देने वाले को 25 हजार रुपए की नगद इनामी की घोषणा की गई है।पुलिस ने स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान गोपनीय रखी जाएगी। लोगों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत मेदिनीनगर शहर थाना को दें।

# जिप मार्केट कांप्लेक्स की पांच दुकानों को किया गया सील

## लाखों रुपये किराया बकाया होने पर विभाग ने की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** जिले के मनातू चेक नाका स्थित जिला परिषद मार्केट कांप्लेक्स की पांच दुकानों को विभाग ने बुधवार को सील कर दिया है। दुकानदारों ने पिछले कई सालों से दुकान का किराया जमा नहीं किया था, जिस कारण कार्रवाई की गयी। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित प्रभारी सीआइ धीरेंद्र दीक्षित ने बताया कि दुकानदारों ने लंबे समय से किराया नहीं दिया है। मुनिया कुंवर नामक दुकानदार पर ही



दुकानों को सील करते निगम के कर्मी।

64,152 रुपये किराया बकाया है। इसी तरह भोला प्रसाद पर 22,968 रुपया, अजित कुमार पर 11,880 रुपया, सुबोध राम पर 22,176 और हरेंद्र सिंह पर 49,104 रुपया किराया बकाया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी किराया जमा करने के लिए चार बार नोटिस जारी किया जा चुका है। बावजूद इसके दुकानों को किराया नहीं देने पर कार्रवाई की गयी है। बतातें चलें कि मनातू में जिला परिषद दुकानों को पहली बार मासिक किराया नहीं देने पर सील किया गया। सभी दुकानों का लंबे समय से किराया जमा नहीं है। इस मौके पर कनीय अभियंता नवीन कुमार नीरज, अंचल अमीन जनेश्वर सिंह, कर्मचारी नीतीश कुमार, एएस आई सनेश राम, कृष्ण यादव उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति के देवघर कार्यक्रम को लेकर डीसी ने एयरपोर्ट से एम्स तक रूटलाइन का किया निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित देवघर कार्यक्रम को लेकर बुधवार को वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, आइजी अखिलेश कुमार झा, आइजी संथाल परगना शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीआइजी संथाल परगना अंबर लकड़ा, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने एम्स एवं एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान एम्स के पहले दीक्षांत समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों के साथ सुरक्षा, विधि एवं यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही दीक्षांत समारोह के स्थल, सीटिंग अरेजमेंट, पार्किंग, जन प्रवेश, आपातकालीन सेवाओं और बिजली आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था, स्टेज मैनेजमेंट के अलावा एम्स परिसर और रुटलाइन में सुरक्षा व्यवस्था को




लेकर किए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा देवघर एयरपोर्ट से लेकर एम्स के लिए प्रस्वावित कारकेट रूट का निरीक्षण किया गया, ताकि राष्ट्रपति के आगमन के साथ-साथ श्रावणी मेला को देखते हुए शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जा सके। साथ ही ट्रैफिक की व्यवस्था के साथ ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सड़को से अतिक्रमण हटाने सहित अन्य बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया। राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने को लेकर किये जाने वाले कार्यों के अलावा कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक की सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, एम्स निर्देशक, एयरपोर्ट निर्देशक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, गोपनीय प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित बीडीओ, सीओ आदि मौजूद थे।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आज, शामिल होंगे राज्यपाल



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगें। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। बतातें चलें कि पलामू डीसी समीरा एस सहित जिला प्रशासन के कई आलाधिकारियों ने मंगलवार को ही कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था। डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था। इधर, राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

## सेवानिवृत्त बीइइओ को दी गयी विदाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत्त बीइइओ कौलेश्वर दास को बुधवार को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ एवं हुसैनाबाद बीआरसी कार्यालय द्वारा कन्या मध्य विद्यालय परिसर में किया गया। जिसाक संचालन शिक्षक अंगद प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार और अजाप्टा के जिलाध्यक्ष सुधीर दूबे आदि ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, कन्या मवि के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जबकि अभिनंदन पत्र प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद ने पढ़ा। अजाप्टा के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अहमद एवं सचिव निर्मल कुमार ने अंगवस्त्र, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं, अपने संबोधन में जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरी में नियुक्ति और सेवानिवृत्ति प्रक्रिया का हिस्सा है।उन्होंने उनके स्वस्थ, दीघार्यु एवं प्रसन्नचित रहने के लिये कामना की। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ए रूमी, सेवानिवृत्त डीडीओ रामेश्वर मेहता, विनोद प्रसाद, चक्रवर्ती सिंह, सुरेंद्र राम, अरुण कुमार चौधरी, अरुण कुमार चौधरी, सत्येंद्र कुमार, मृत्युंजय कुमार, संतोष कुमार राय, चंचल कुमार, पुसेन कुमार, अभिषेक नामधारी, रंजना भारती, नीलम पांडेय, विनय सिंह, अखिलेश सिंह, मनोज कुमार चौधरी, महेंद्र बैठा, प्रमोद पासवान, विकास कुमार, अवधेश पासवान, सैय्यद शाने अहमद, सैय्यद इकबाल, अभय कुमार सिंह, जय प्रकाश, सन्नी कुमार दास, श्रीकांत और विनोद कुमार आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन हुसैनाबाद डीडीओ सुनील कुमार ने किया।

## हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला आयुष समिति ने बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के करीब 300 लोगों का इलाज आयुष के चिकित्सकों ने किया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ नाजमा मुसर्रत, डॉ शिबली अंसारी और डॉ अखिलेश कुमार ने आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क इलाज करने के साथ ही दवा दिया। साथ ही मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श भी दिया। आयुष चिकित्सक डॉ नाजमा मुसर्रत ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को आयुष चिकित्सा पद्यति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बदलते परिवेश के साथ अब लोगों में आयुष चिकित्सा पद्धति की ओर झुकाव हो रहा है। लोगों में जागरूकता आ रही और इस पद्धति से इलाज कराकर मरीज संतुष्ट हो रहे हैं। वहीं, डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर में बुजुर्गों के लिये जोड़ो के दर्द से जुड़ी बीमारियों सहित अन्य बीमारियों का इलाज किया गया। इस मौके पर योग शिक्षक शैलेंद्र कुमार, जीएनएम गायत्री कुमारी, अलका कुमारी आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता और दवाओं की स्थिति संतोषजनक

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह स्थित आयुष्मान आयोग मंदिर (इन्कोवास) स्वास्थ्य उपकेंद्र में राष्ट्रीय गुणवत्ता आवासन मानक के तहत जिला एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं दवा भंडारण की जांच इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था। मुखिया नाजमा खातून ने निरीक्षण दल को केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने खुद अस्पताल परिसर की व्यवस्था पर चर्चा के बाद जरुरी निर्देश दिया। जांच दल ने अस्पताल परिसर, रजिस्टर अभिलेख, रोगी सुविधा, दवा वितरण एवं साफ सफाई आदि मानकों की जांच की। जिसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। दवाओं की गुणवत्ता की अलग से जांच में पूरी तरह से नियमानुसार पाया गया। टीम में अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश राम, जिला गुणवत्ता सलाहकार संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# रौशन ड्रग स्टोर का लाइसेंस रद्द, पांच थोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति भी निलंबित

## नियमानुकूल है औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन की कार्रवाई : औषधि निरीक्षक

- रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में कई औषधियों का नहीं हो सकता क्रय-विक्रय
- कहा : फेडरेशन का धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई जो न्यायसंगत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक ड्रग स्टोर एवं दवा की पांच थोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति रद्द एवं निलंबित किये जाने की कार्रवाई को औषधि निरीक्षक ने नियमानुकूल बताया है। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए नौडीहा बाजार के मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने एवं पांच थोक विक्रेता संस्थानों को स्पष्टीकरण पूछते हुए औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने की बातें कही है। औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निलंबन से आक्रोशित दवा दुकानदारों द्वारा असंवैधानिक रूप से कार्यालय में हंगामा एवं निलंबन का विरोध किए जाने से संबंधित 17 जुलाई को समाचार पत्रों में छपी खबर पर डीसी समीरा एस द्वारा संज्ञान लिए जाने एवं इसकी गंभीरता को देखते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) की ओर से औषधि निरीक्षक को समाचार एवं उससे संबंधित पत्र भेजे जाने पर औषधि निरीक्षक ने जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं झारखंड परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव के पत्र के आलोक में मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर नौडीहा बाजार में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ छापामारी की गई। इसमें पाया गया कि



संस्थान को प्रपत्र 20 ए एवं 21 ए में अनुज्ञप्ति प्राप्त है। इस प्रपत्र में जो लाइसेंस निर्गत की जाती है, इन संस्थानों में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट नियुक्त नहीं रहते हैं, जिस कारण फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एससीएच, सी, सीवन, एच, एचवन, जी, एक्स की औषधियों का क्रय-विक्रय नहीं की जा सकती है। पर निरीक्षण के समय पाया गया कि संस्थान द्वारा वैसी औषधियों का भी क्रय कर संचयन किया गया है, जिसके लिए वे प्राधिकृत नहीं थे, क्योंकि ऐसी औषधियों का क्रय-विक्रय एवं संचयन के लिए उन्हें वैद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं था। निरीक्षण के समय नियमानुकूल विहित प्रपत्र-16 में वैसी औषधियों एवं उसके क्रय-विपत्र संबंधित विपत्रों को भी जब्त किया गया, जिसके लिए वह स्टोर प्राधिकृत नहीं थे। इस आलोक में ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति को रद्द की गई है।

### थोक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण पूछते हुए अनुज्ञप्ति निलंबित

औषधि निरीक्षक ने कहा कि बिना वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त पांच थोक विक्रेताओं की ओर से औषधियों की आपूर्ति की गई थी, जो औषधि एवं अंगराग अधिनियम का उल्लंघन है। साथ ही दंडनीय भी है। इन संस्थानों से स्पष्टीकरण पूछते हुए इन संस्थाओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। सभी पांच थोक विक्रेताओं को 60 दिनों के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। जिन संस्थाओं को निलंबित किया गया है, उनमें सभी डालटनगंज के हैं। इन संस्थानों में अमित मेडिकल एजेंसी, श्री भवानी फार्मा, मेसर्स अन्विका डिस्ट्रीब्यूटर, मेसर्स सिद्धार्थ मेडिकल एजेंसी एवं मेसर्स सुमित्रा मेडिकल एजेंसी शामिल हैं। विदित हो कि पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की ओर से आंदोलन करते हुए औषधि निरीक्षक का कार्यालय में ज्ञापन देकर संस्थानों के निलंबन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। औषधि निरीक्षक ने बताया गया कि फेडरेशन की ओर से इस प्रकार का धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई है, जो न्यायसंगत नहीं है। औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई औषधि एवं अंगराग अधिनियम एवं नियमावली के तहत प्रदत शक्तियों के नियमानुकूल की गई है। निलंबन के विरूद्ध संस्थान की ओर से अपीलीय प्राधिकारी स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के यहां अपील दायर किया जा सकता है।

## डीसी ने की पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी ली। उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। बैठक में डीसी के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन पेश किया गया। बताया गया कि टीम ने सभी आवश्यक जांच पूरी कर लिया है। इस पर डीसी ने नवीनीकरण की स्वीकृति दी। इसी तरह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक अदद नये अल्ट्रासाउंड मशीन के अधिष्ठापन एवं राजमती चिकित्सा केंद्र, घड़ा पट्टी के नवीनीकरण के लिए प्राप्त आवेदन को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी।

## डीडीसी ने किया देवीपुर प्रखंड का निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा ने बुधवार को देवीपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत टटकियो का भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम राजपुरा में विभिन्न बिरसा हरित ग्राम योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप द्वारा निरीक्षण किया गया। इस क्रम में डीडीसी ने योजना स्थल पर काम कर रहें मजदूरों की हाजिरी की जांच मस्टर रॉल से की। साथ ही कार्य स्थल पर मजदूरों की लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे शेड, पीने का पानी, मेडिकल किट आदि की जांच की गई। आगे योजनाओं के क्रियान्वयन में पाई गयी त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही समय पर पारदर्शिता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया।

## डीआइजी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में गुरुवार को दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

## रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**मधुपुर/आसनसोल (आजाद सिपाही)।** भारत स्काउट एंड गाइड्स आसनसोल रेल मंडल के अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी रेंजर को भारत एस्कॉर्ट्स एंड गाइड का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों से दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी को केवल आसनसोल रेल मंडल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे स्काउटिंग समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बना है। उनके समर्पण, अनुशासन, सेवा और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं



आसनसोल मंडल के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों, साथी रेंजर ने सम्मानित रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी को इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। कहा कि उनका यह सम्मान आसनसोल रेल मंडल के युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देगा।

## चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर को आरपीएफ ने पीछा कर दबोचा



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** रेल यात्रियों का मोबाइल फोन चोरी कर भाग रहे एक शातिर चोर को आरपीएफ की टीम ने पीछाकर विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर दबोच लिया। घटना 22 जुलाई की है। जामताड़ा आरपीएफ पोस्ट में पदस्थापित सहायक उप निरीक्षक रघुनाथ नस्कर, प्रधान आरक्षी वीके यादव एवं आरक्षी शक्ति कुमार के साथ वरीय पदाधिकारी के आदेश पर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वायड अभियान के तहत ट्रेन संख्या 18622अप हटिया-पटना पाटलीपुत्रा एक्सप्रेस गाड़ी में चितरंजन रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार संदिग्धों की तलाशी ले रहे थे। जब ट्रेन विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक युवक ट्रेन की खिड़की के पास खड़ा था। जब आरपीएफ टीम ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया, तो वह अचानक भागने लगा। बिना समय गंवाए आरपीएफ जवानों ने प्लेटफॉर्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी तापस कुमार कायल की मदद से युवक का पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम जाकीर अंसारी (28) बताया। वह जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के हिरापुर, नावाडीह (रटनिया) का रहने वाला है। उससे भागने का कारण पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर उसके पैंट की जेब से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ में स्वीकार किया कि दोनों मोबाइल फोन उसने ट्रेन में यात्रियों से चोरी किए हैं। आरपीएफ टीम ने दोनों मोबाइल को जब्त कर सूची तैयार की और आरोपी जाकीर अंसारी को मधुपुर रेल थाना को सौंप दिया।

## देवघर एम्स के समीप खुला आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर



**देवघर (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। देवघर डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ एम्स देवघर के समीप किया गया। इस सेंटर की स्थापना बरनवाल युवक संघ के अध्यक्ष और युवा समाजसेवी सर्वोत्तम बरनवाल ने की है। डायग्नोस्टिक सेंटर में ब्लड शुगर, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, यूरिन, थायरॉयड और हार्मोन टेस्ट, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, ईसीजी सहित कई तरह की जांच की जाएगी। डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक सर्वोत्तम बरनवाल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की जांचों पर 30 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर वर्ग तक सुलभ हों। वहीं, समाजसेवी डॉ सुनील खवाड़े ने सेंटर की पहल को सराहते हुए कहा कि सर्वोत्तम बरनवाल और रंजन जयकर द्वारा उठाया गया यह कदम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रशंसनीय योगदान है। समाजसेवी रीता चौरसिया ने भी सर्वोत्तम बरनवाल और रंजन जयकर को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा नेत्री विनीता पासवान, जिला खेल प्राधिकरण सचिव आशीष झा, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव, पंकज बरनवाल, रवीन बरनवाल, धर्मेंद्र बरनवाल, नीरज, सुधांशु शेखर बरनवाल, विनोद बरनवाल, अजय बरनवाल सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम नालियों की सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का जल्द करे छिड़काव: अरुणा शंकर

## कहा- शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ रहा आतंक, इनपर अंकुश लगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त से बुधवार को मुलाकात की। कहा कि हम सभी के कार्यकाल में गर्मी खत्म होते ही बड़े-छोटे नालों की सफाई निगम कर्मियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शुरू कर दी जाती थी, लेकिन दुःख की बात है कि निगम प्रशासनिक कार्यकाल में ऐसी सफाई कहीं देखी नहीं गई। जि, कारण विगत दिनों भारी बारिश में कई मोहल्ले निगम की ओर से निर्मित नए-पुराने नाले की सफाई के अभाव में जलमग्न हो गए। जिसकी संभावना आगे भी बनी हुई है। अभी भी एक महीना भारी बारिश की संभावना है। कहा कि इस जल जमाव में हम लोगों को भूमि अतिक्रमण या नाला छोड़े बिना अपनी भूमि का घेराव करने के कारण भी जल जमाव देखने को मिला रहा है जिसे प्रशासन एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ बैठकर उसे तत्काल समाधान करना चाहिए अन्यथा इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। प्रथम महापौर ने सहायक नगर आयुक्त से कहा कि चैनपुर-शाहपुर की सभी नालियां, पहाड़ी एरिया जहां पूरे शहर का ड्रेनेज का निकास होता है शांतिपुरी, बाजार एरिया, रेडमा एवं बायपास रोड की सभी नालिया जो प्रमुख है गैंग बनाकर यथाशीघ्र सफाई कराई जाए। इसके अलावा शहर में फिर एक बार घूम रहे लावारिस कुत्ते को भी पकड़वाने की बात कही। अरूणा शंकर ने कहा कि नंदलाल इंस्टिट्यूट के पास लावारिस कुत्तों ने चार बच्चों को काटकर घायल कर दिया था, जो दुखद है। इन्हें यथाशीघ्र पकड़ कर उचित स्थान में रखने की व्यवस्था की जाए। साथी ही अभी हुई बरसात से बीमारी ना हो इसके लिए तत्काल ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए।

## खनन पदाधिकारी ने लावा नदी के पास किया औचक निरीक्षण, बालू उठाव की ली जानकारी



**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त के आदेशानुसार पर बुधवार को खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने जारी प्रखंड कमलपुर गांव के समीप झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर स्थित लावा नदी का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान के दौरान खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने ग्रामीणों से बालू उठाव को लेकर जानकारी भी ली। जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि झारखंड सीमा पर बालू का उठाव बंद है। वही स्थानीय प्रशासन के द्वारा नदी पर ट्रेंच भी खोदा गया है। जिस कारण से नदी मे बालु उठाव के लिए गाड़ी नही घुस सकता है। वही खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी की बालू घाटों से कुछ ट्रैक्टरों के द्वारा बालू का उठाव किया जा रहा है। लेकिन स्थल पर आने पर किसी प्रकार की कोई बालू उठाव का साक्ष्य नहीं दिखाई दे रहा है। स्थानीय प्रशासन के द्वारा भी ट्रेंच खोदा गया है।झारखंड की और से किसी प्रकार की कोई बालू उठाव के लिए आवागमन नहीं हो रही है।फिर भी हम लोग बालू उठाव को लेकर निगरानी रखे हुए हैं। और स्थानीय प्रशासन भी बालू उठाव को लेकर सशक्त हैं। यदि बालू उठाव की बात सामने आती है। तो कानूनी कार्रवाई करते हुए वहान भी जब्त की जायेगी। इसलिए बालू उठाव करने वाले सतर्क हो जाएं और बिल्कुल भी बालू उठाव करने की कोशिश ना करें। वही खनन विभाग के द्वारा कभी भी बालू घाटों को निरीक्षण कर सकते है। इसलिए बालू माफिया अभी से ही सतर्क हो जाये।

## हाथी के आने से ग्रामीणों में भय



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनालात के करचा जंगल से एक जंगली हाथी मंगलवार की रात अचानक सड़क पर आ गया। बुधवार सुबह जब राहगीर उस सड़क से गुजर रहे थे तो देखा की पुलिया के समीप एक जंगली हाथी सड़क पर खड़ा है जिसे देखकर वे सभी डर गए और इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर हाथी को सैफ जोन में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। फॉरेस्टर किशोर नंद ने बताया कि जंगली हाथी करचा रोड में आया था जिससे टीम के द्वारा सेफ जोन में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है हाथी के द्वारा किसी प्रकार की कोई क्षती अभी तक नहीं की गयी है। वन विभाग द्वारा कुमाडी बनालात गोताग आदि गांव के ग्रामीणों को हाथी देखने पर छेड़छाड़ नहीं करने की बात कही जा रही है।

## बिशुनपुर में चला वाहन जांच अभियान



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक गुमला के दिशा निर्देश पर बुधवार को बिशुनपुर पुलिस ने संघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में जांच अभियान का नेतृत्व स्वयं थानेदार राकेश कुमार सिंह कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण, और अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल थे। इसके अलावा, पुलिस ने हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की भी जांच की। यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए चलाया जा रहा था थानेदार ने दोपहिया वाहनों की जांच की और हेलमेट पहनने की सलाह दी। चार पहिया वाहनों की भी जांच की गयी और सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी गयी। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित रूप से वाहन चलाने की सलाह दी। थानेदार ने कहा इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित रखना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित रूप से वाहन चलाने की अपील की है।

## जिला परिषद के फैसले के अनुसार निविदा प्रक्रिया निबटाने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला परिषद में निकली 42 स्वास्थ्य उपेंद्र के लिए संविदा में जिला परिषद के मासिक बैठक में लिये गये निर्णय को ताक में रखकर टेंडर की प्रक्रिया को पूरी की जा रही है। नए संवेदकों के आग्रह पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने मामले पर संज्ञान लिया।

ज्ञात हो कि जिला परिषद के मासिक बैठक में सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे। सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि गुमला जिला के नौजवान बेराजगारी का दंश झेल रहे है इसी निमित नए रजिस्ट्रेशन करा कर उन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त हो । इधर हाल के दिनों में जब टेंडर निकला गया तो नए संवेदकों को तकनीकी बातों में फंसा कर अनुभव की बात कर किनारे करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बात को लेकर सांसद प्रतिनिधि श्री तिग्गा ने उप विकास आयुक्त से मुलाकात की और जिला परिषद के मासिक बैठक में हुए निर्णय की बात दोहराई। संवेदकों की समस्या को भी सामने रखा। इस बात पर उप विकास आयुक्त ने श्री तिग्गा को बतलाया कि मासिक बैठक का अनुमोदन नहीं लिया गया है जिसके कारण नये संवेदकों को संविदा संबंधी समस्या उत्पन हो रही है। श्री तिग्गा ने नये संवेदकों की समस्या सुलझाने उनको रोजगार का अवसर प्राप्त होने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा मनीष कुमार साहू दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे, रूपेश कुमार सनी कॉन्ट्रैक्टर दिलीप नाथ साहू, महेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, पंकज सिंह, गोपीनाथ सिंह, रोशन कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# देह व्यापार में संलिप्त दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी साहू ने 22 जुलाई की देर शाम सूचना मिलने पर कार्रवाई की। यह कार्रवाई देर रात तक जारी रहा। उन्हें सूचना मिली थी कि गुमला के सोसो (जोड़ा टांड) लाल डिपा में अनिल किंडो के घर में अवैध देह व्यापार चल रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल में थाना प्रभारी के साथ सशस्त्र बल के जवान और महिला पुलिसकर्मी शामिल थे। छापेमारी शाम 5:40 बजे शुरू की गयी। मौके पर एक महिला शिला (काल्पनिक नाम) उम्र 40 वर्ष, निवासी सोसो बस्ती, घर के बाहर मिली। पूछताछ के बाद घर की तलाशी ली गयी। कमरे में एक पुरुष और दो महिलाएं



आपत्तिजनक हालत में मिलीं। पुरुष भागने में सफल रहा। कमरे से कई आपत्तिजनक समान, हंटर केन बियर की खाली बोतल, शराब की खाली बोतल और 12 हजार 590 रुपया नकद बरामद हुए। पकड़ी गयी महिलाओं ने बताया कि वे एक महीने से इस घर में देह व्यापार कर रही थीं। उन्हें महिला और अनिल किंडो द्वारा पैसे दिये जाते थे। तय रेट पर ग्राहकों को सेवा देती थीं। ग्राहकों को फोन पर सेवा दी जाती थी। वही व्यापार में शामिल महिलाओं को भी ग्राहकों के आने के बाद फोन कर बुलाया जाता था। पूछताछ में अनिल किंडो, उम्र 34 वर्ष, निवासी सोसो (जोड़ा टांड) और महिला ने स्वीकार किया कि वे दोनों मिलकर महिलाओं और लड़कियों को बुलाते थे और युवकों से देह व्यापार करवाते थे। देह व्यापार में शहरी क्षेत्र की कई अन्य विवाहित महिला व युवतियां भी शामिल है। जिसका नाम और पता की जानकारी पुलिस को मिल चुकी है। पुलिस उनपर नजर रखे हुए है। साथ ही आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं देह व्यापार में प्रत्येक दिन दो से तीन दर्जन लोगो का आना जाना लगा रहता है।इनमे कई नॉकरी से जुड़े लोग भी शामिल रहते है। यह भी बताया जाता है कि इस धंधे का शुरूवात घाघरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहित महिला व उसकी पति से तलाक होने वाली बेटी समेत अन्य कुछ महिला से हुआ है। सोसो मोड़ के अलावा शहर के घाटों बगीचा में भी इस व्यापार का संचालन किया जाता है। महिलाओं ने उक्त स्थान की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके से बरामद सामान की जब्ती सूची बनायी। अनिल किंडो, उम्र 28 और 40 वर्षीय दो महिला को गिरफ्तार किया गया। सभी पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 272/292 और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 3/4/5 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चैंबर की बैठक में कई एजेंडों पर विचार

**विशेष अतिथि के रूप में फेडरेशन झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी और फेडरेशन के पदाधिकारी रोहित पोद्दार और विकास विजयवर्गीय उपस्थित रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक सातवीं बैठक मंगलवार को चेंबर कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में फेडरेशन झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी और फेडरेशन के पदाधिकारी रोहित पोद्दार और विकास विजयवर्गीय उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले सचिव बबलू वर्मा ने सभी का परिचय कराया और पूर्व में बैठक की संपुष्टि की गयी उसके बाद अध्यक्ष राजेश सिंह के द्वारा अतिथियों को टांगीनाथ धाम का प्रतीक चिन्ह देकर व शाल ओढ़ा कर उन्हें सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि गुमला चेंबर के लिए आज गर्व का पल है कि हमारे बीच फेडरेशन झारखंड चैंबर के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हैं। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा के फेडरेशन झारखंड चैंबर के पदाधिकारी हमारे अभिभावक हैं। गुमला चेंबर के सभी लोगों को उनसे मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता है। बैठक में फेडरेशन अध्यक्ष परेश गट्टानी ने गुमला चेंबर के लोगों से मिलकर काफी प्रसन्नता जतायी विशेषकर उन्होंने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी के कार्यों की सराहना की और कहां की रमेश जी एक काफी सक्रिय सदस्य हैं, फेडरेशन पदाधिकारी रोहित पोद्दार ने गुमला चैंबर से कहा कि आप लोग गुमला में कोल्ड स्टोर के लिए मांग उठाएं फेडरेशन आपको पूरी मदद करेगा। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और कई एजेंट पारित किए गए। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने फेडरेशन अध्यक्ष से मांग की कि वर्षों पुरानी गुमला की मांग गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की रही है। इसे पूर्ण करा दिया जाये फेडरेशन अध्यक्ष द्वारा आश्वस्त किया गया के इस पर आवश्यक कदम उठाई जायेगी। फेडरेशन के कुछ सदस्यों द्वारा यह मांग उठाई गई कि फेडरेशन चुनाव में जो सदस्य जिस जिले के हैं वहीं पर वोटिंग की व्यवस्था की जाए। अध्यक्ष राजेश सिंह ने मांग रखा के नागफनी में बने टोल टैक्स में मनमानी ढंग से वसूली और सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले टोल चालू कर देने पर हमे आपत्ति है। फेडरेशन इसपर विचार करें और उच्च पदाधिकारीयों से बात कर इसका समाधान निकाले। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने अपनी बात रखी कि रियाडा की जमीन जो खाली पड़ी है उसे जरूरतमंद व्यापारियों को उद्योग के लिए आवंटित कराया जाए। फेडरेशन अध्यक्ष श्री गट्टानी ने रियाडा वालों से बात करने को की बात कही। स्मार्ट मीटर के बिल में हो रही त्रुटी से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है इसके निराकरण के लिए बिजली विभाग के पदाधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान करने की सहमति बनी।

अंत मे उपाध्यक्ष राजेश लोहानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में चेम्बर सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, कार्यकारिणी के मुन्नीलाल साहू विकास, राहुल केसरी, पंकज खण्डेलवाल, दिलीप गुप्ता, गुरमीत सिंह, नीरज गुप्ता, अनिकेत कुमार, शंकर साहू, योगेश शर्मा, ज्योति कुमारी, रितेश गुप्ता,बृज फोगला के साथ साथ उपसमिति के शिवम जायसवाल, शेखर अग्रवाल, पंकज सोनी, संदीप प्रासाद, रूपक कुमार, राजू श्रीवास्तव, मो. शाहनवाज, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे ।

### मासूम की मौत की खबर सुनकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे अस्पताल

## अस्पताल आने से पहले ही हो गयी थी खुशी की मौतः डीएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल में पर्ची कटाने को लेकर हुए इलाज में देरी के कारण डेढ़ साल की मासूम खुशी कुमारी की मौत होने और एसएनसीयू के मोनिटरिंग डिवाइस खराब होने का मामला सुर्खियों में आने के बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने जिला टीम के पदाधिकारियों के साथ अस्पताल पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने डीएस अनुपम किशोर स उनके चेंबर में भेंट कर पूरे मामले से अवगत हुए। मौके पर डीएस ने बताया कि खुशी कुमारी की मौत अस्पताल लाये जाने से पूर्व हो चुकी थी। ऐसे पर्ची कटाने को लेकर हुए देरी की बात पर उन्होंने व्यवस्था में और सुधार किये जाने



की बात कही।वही एसएनसीयू के मोनिटरिंग डिवाइस के बावत उन्होंने कहा कि छोटी से तकनीकी खराबी के कारण यह स्थिति उतपन्न हुई। जिसके बाद रांची से विशेषज्ञ तकनीकी टीम आकर उसे दुरुस्त करने में जुटी हुई है। देर रात तक वह चालू हो जायेगा।टीम के आने के बाद अन्य मशीनों का भी सर्विसिंग कर दिया गया है। इसपर जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी मरीज का मौत किसी भी अभाव में नही हो।वही अस्पताल के सभी मशीनों व एसएनसीयू वार्ड में लगे मशीन तथा डिवाइस का जांच होता रहे। इस तरह की आगे स्थिति उतपन्न नही हो। इसके बाद अध्यछ ने अस्पताल के कई वार्डो का भर्मण भी किया। साथ ही मरीजों से उनका हाल चाल व मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।इस मौके पर जिला महासचिव फिरोज आलम, मीडिया चैयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, गुलाम सरवर, रामनिवास प्रसाद आदि मौजूद थे।

## सिमडेगा चैंबर ने रमेश कुमार को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिमडेगा में नवनियुक्त चैंबर टीम के शपथ ग्रहण समारोह में गुमला निवासी सह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी शामिल हुए। जहां उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी। टीम के साथ कार्यकुशलता का अनुभव साझा करते हुए व्यापारी हित में कार्य करने की सलाह दी। कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर इसकी जानकारी दें ताकि



उसपर वे अपने स्तर से पहल कर सकें। उन्होंने कहा कि जनता व व्यापारियों की समस्या का समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान सिमडेगा चैंबर की ओर से रमेश कुमार को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## सांसद ने एसएनसीयू को तुरंत दुरुस्त करने की दी हिदायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एसएनसीयू के सुचारू रूप से नहीं चलने और जरूरतमंदों को हुई परेशानी को सांसद सुखदेव भगत ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि एवं दिशा सदस्यों सीवील सर्जन से मुलाकात कर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने की बात कही है। ज्ञात हो कि कल बाल एसएनसीवी प्रणाली में किसी विद्युत संबंधी समस्या के कारण यह स्वास्थ प्रणाली बंद हो गयी थी और 28 बच्चों को रिम्स एवं लोहरदगा सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया था। निवर्तमान सिविल सर्जन ने सांसद प्रतिनिधि एवं दिशा सदस्यों को बताया कि रक्षण प्रणाली को ठीक करने में समय लगेगा तब तक बच्चों से संबंधित समस्याओं के लिए विशेष निगरानी की जा रही है सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने सदर अस्पताल गुमला में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा सभी स्वास्थ कर्मियों को आम व्यवहार करते हुए मरीजो की सेवा करने का निर्देश दिया। दिशा सदस्य दीपनारायण उरांव ने कहा कि हॉस्पिटल में दवा की उपलब्धता की सारणी बनाने का सुझाव दिया। रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सुसजित संसाधन का उपयोग करते हुए आम लोगों को स्वास्थ संबंधी लाभ मिले हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को सरल एवं सुगमता से सुविधा उपलब्ध करायें। वही सदस्य अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि सदर अस्पताल में ग्रामीण परिवेश के लोग अधिक आते हैं अस्पताल कर्मियों एवं मरीजों के बीच दो व्यक्ति को रख कर स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करें एवं वार्ड में घूम कर स्वास्थ्य कमीयों के बीच संवाद स्थापित करें। ताकि मरीजों को कठिनाई न हो। दिशा सदस्यों में राजनील तिग्गा, रमेश कुमार चीनी, दीपनारायण उरांव, रूपेश कुमार सन्नी, अनिरुद्ध चौबे, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर उपस्थित थे।

## एक रुपये में फसल बीमा योजना में होगा नामांकन

**सिसई (आजार सिपाही)।** प्रखण्ड के सभी किसानों का होगा मात्र 1 में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जल्द नामांकन करें। खरीफ फसल की सुरक्षा के लिए किसान मित्र, जनप्रतिनिधि और प्रज्ञा केंद्र संचालक को आवेदन उपलब्ध कराया गया है। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसल 2025 के लिए अधिसूचित धान और मकई फसलों का फसल बीमा योजना से किसानों को लाभ पहुंचाने को लेकर सिसई में विशेष बैठक किया गया।


**कार्यालय : जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यदेश सं0 49 रा0(वि0), दिनांक– 31.03.2021, राज्यादेश सं0 40, दिनांक– 17.02.2022, राज्यादेश सं0 22, दिनांक– 07.11.2022 एवं राज्यादेश सं0 29, दिनांक– 01.12.2023 के आलोक में सिमडेगा जिला के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित करते हुए आवेदन अमांत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित हैं तथा इसमें केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं:–

| क्र0 सं0 | वर्ष | योजना का नाम | इकाई | कोटि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0ज0जा0 | महिला | |
| 1 | 2020–21 | नया ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 3.5 | 0 | |
| 2 | 2021–22 | नया ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 1 | 0 | |
| 3 | 2022–23 | नया ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 3.5 | 0 | |

उक्त योजना अंतर्गत लाभ लेने हेतु सिमडेगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक दिनांक– 15.08.2025 तक किसी भी कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में वांछित कागजातों के साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

आवेदन हेतु आवश्यक कागजात :–

1. एक पासपोर्ट साईज फोटो (आवेदक का)।
2. पाँच/तीन दिवसीय प्रशिक्षण की छायाप्रति।
3. बैंस पासबुक की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड/वोटर आई डी0 कार्ड की छायाप्रति।
5. लाभुक द्वारा स्वयं तैयार करवाया गया योजना का प्रस्ताव/डी0पी0आर0।
6. जमीन से संबंधित कागजात, जमीन का फोटोग्राफ, वंशावली, जमीन पर विवाद नहीं से संबंधित एवं जमीन निजी होने का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र।
7. आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र।

नोट :– सभी वांछित कागजातों के साथ पूर्ण आवेदन ही चयन प्रक्रिया में शामिल किए जाएँगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 357979 Simdega (25-26)_D



**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur**
**132/33 KV. Grid Campus Gamharia, P.O- Gamharia,**
**Distt- Seraikella-Kharsawan, Pin- 832108,e mail id: tz3jsr_jusnl@rediffmail.com**

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

| NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|
| 290/PR/JUS NL/2025-26 | Providing protection wall around tower loc. no. 13 & 39 of 132 kV Golmuri-Jadugoda S/C Tr. Line under Tr. Sub-division, Jadugoda. | Rs. 2,950.00 (Rs. 2,500/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 28,700.00 |
| 291/PR/JUS NL/2025-26 | Painting of rusted tower structure at tower location number. 304 to location number. 328 (25 location) of 220 kV S/C Chandil-Santhaldih Transmission line under Transmission Sub-division, Chandil-I. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 44,800.00 |
| 292/PR/JUS NL/2025-26 | Construction of PCC and metal spreading work of 132 kV side 50 MVA Transformer no - 2 bay area & associate area at 132/33 kV GSS, Adityapur-I. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 59,300.00 |
| 293/PR/JUS NL/2025-26 | Fixing & replacement of old & damaged GCI Sheet, providing of false ceiling along with electrical wiring, repairing work of office premises and supply, laying, fabrication, fitting/fixing of concertina coil/barbed wire with associate work for the safety of the store campus at Transmission Central Store, Jamshedpur. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 68,500.00 |
| 294/PR/JUS NL/2025-26 | Providing RCC protection wall around tower location no. 9 & 29 of 132 kV Mousabani-Dhalbhumgarh D/C Tr. Line under Tr. Sub -Division, Dhalbhumgarh. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 53,400.00 |
| 295/PR/JUS NL/2025-26 | Painting work of structure & equipment installed in 132 kV switchyard at 132/33 kV GSS, Adityapur-I. | Rs. 2,950.00 (Rs. 2,500.00/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 26,900.00 |

| | |
|---|---|
| Start Date and time of downloading of tender documents | 25.07.2025at 02:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 25.07.2025at 03:00PM |
| End date and time of upload of BID | 18.08.2025upto 03:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 19.08.2025at 03:00PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur, Campus 132/33 kV. Grid Colony Adityapur -I, Phase-VI, Post-Gamharia,Seraikella-Kharsawan, Pin Code– 832108 (Jharkhand). |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. Bidder shall deposit online Tender fee (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal. Bidder shall deposit online EMD (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal.
3. The bids will be received through electronic tendering mode only.
4. Please contact 9608115449 for any enquiry in office hours.

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-III,
Jamshedpur

PR 357975 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्रीनं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

# शोधार्थी इंदू भारती की सफलता में अब यूजीसी नेट भी जुड़ा

**- पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की पुत्री ने अच्छे परसेंटाइल से पास की सहायक प्राध्यापक की पात्रता परीक्षा**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की पुत्री इंदू भारती ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी-नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इंदू भारती इससे पहले रांची विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हिंदी विषय में सेकंड टॉपर रहीं हैं। वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय से हिंदी में लोक कथाओं, परंपराओं एवं कहानियों में निहित जीव दर्शन विषय में पीएचडी कर रही हैं। इंदु भारती शुरू से ही मेधावी-प्रतिभावान छात्रा रही हैं। इंदू ने इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय से पढ़ाई की है। मैट्रिक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। स्नातकोत्तर तक सभी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इंदु भारती युवा कवियत्री एवं लेखिका भी हैं। उनके काव्य संग्रह 'मंजिल, सच एवं तलाश' प्रकाशित हुआ है। कई काव्य संग्रह की रचना भी कर रही हैं।

# जीएसटी चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

## डीजीजीआइ टीम ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी जमशेदपुर

**- आर्थिक अपराध न्यायालय में होगी पेशी, मांगी जाएगी रिमांड**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डायरेक्टर जनरल इंटेलिजेंस जीएसटी (डीजीजीआई), जमशेदपुर की टीम ने लगातार दूसरे दिन भी धनबाद में कई जगह छापामारी की। पूछताछ के बाद अवनीश जायसवाल और फैजल खान नामक आरोपित को जीएसटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। मेडिकल टेस्ट कराने के बाद कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर जमशेदपुर ले जाया गया। जहां आज आर्थिक अपराध न्यायालय में पेश किया जाएगा। डीजीजीआई दोनों की रिमांड मांगेगी। धनबाद में फर्जी बिलिंग से कर चोरी करनेवाले रैकेट का पता लगाने की कोशिश की जाएगी। टीम में शामिल अधिकारियों ने सोमवार को भी धनबाद में कई स्थानों पर एक साथ छापामारी की थी। बिना कोई कारोबार किए इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान पता चला कि गिरफ्तार आरोपी कर चोरी करनेवालों के रैकेट में शामिल हैं। उनके ठिकानों से टीम ने कई महत्वपूर्ण डेटा और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। टीम को बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी से जुड़े अहम सबूत मिले।

# संजय महतो ने यूजीसी नेट की परीक्षा में 93.92 फीसदी लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**चंद्रापूरा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत कुरुम्बा पंचायत के पूर्व मुखिया जगन्नाथ महतो के छोटे पुत्र संजय कुमार महतो ने राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी एनटीए की ओर से आयोजित यूजीसी नेट जून 2025 की परीक्षा मे 93.92 पीसदी अंक लाकर अपने परिवार एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संजय कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बीएड कॉलेज करमाटांड़ के संस्थापक मुखलाल महतो, पूर्व मुखिया दिलीप महतो, प्रोफेसर कुलदीप महतो, प्रेमा सुमन कुल्लू, प्रदीप महतो, नरेश रजक एवं सभी शिक्षको को दिया है। संजय के नेट की परीक्षा उत्तीर्ण होने कि खुशी में माता-पिता ने मिठाई खिलाकर व सभी ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, पिता जगन्नाथ महतो ने कहा कि संजय बचपन से ही मेहनती और पढ़ाई में बहुत अच्छे थे उनकी मेहनत का फल है कि आज वह इस मुकाम पर है बेटा और अच्छा करें यही कामना करते हैं।

# मां की डांट से नाराज 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**बिरनी/गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र में मां की डांट-फटकार से नाराज होकर 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा की मां ने बताया कि जब उसने डांटा तो गुस्से में आकर रूम का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब किशोरी ने दरवाजा नहीं खोला, तो परिजनों ने आवाज लगायी। लेकिन अंदर से कोई भी आवाज नहीं आयी। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा तो वह रूम में फंदे से लटकी थी। इसकी सूचना ओपी को दी गयी। सूचना पर भरकट्टा ओपी के एएसआई आनंदी प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्य आयोजित करने की दी गयी सलाह

**राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने की विभिन्न मामलों की समीक्षा बैठक**
**- जिला स्तरीय पदाधिकारियों, बीडीओ-सीओ को दिया जरूरी दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए बोकारो पहुंची पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने बुधवार को बोकारो परिसदन सभागार में विभिन्न मामलों की समीक्षा बैठक की। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने की।इस दौरान सदस्य नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव एवं नंद किशोर मेहता की उपस्थिति में पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों की विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, जिले में संपन्न डोर टू डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण का लाभ एवं प्रावधान की स्थिति, पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के जाति, आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की जानकारी भी ली गई। टीम ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु में पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को दिए गया मुआवजा, नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों सहित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कल्याण एवं शिक्षा विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का कार्य विद्यालय स्तर पर आयोजित करने को कहा। बैठक में डीपीएलआर मेनका, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग का विभिन्न वार्डों का दौरा

**बोकारो (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद, सदस्य नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव एवं नंद किशोर मेहता ने ट्रिपल टेस्ट के तहत बुधवार को चास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर दो, तीन, चार से लेकर सात एवं 35 का दौरा किया। इस दौरान आयोग ने वार्ड नंबर 02-03 अंतर्गत मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय चीरा चास, वार्ड संख्या 04-07 अंतर्गत मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय देमुडीह एवं वार्ड 35 अंतर्गत मतदान केंद्र वीकेएम इंटर कालेज विस्थापित चौक में बीएलओ द्वारा उपलब्ध मतदाता सूची के साथ निगम की ओर से संकलित ट्रिपल टेस्ट प्रतिवेदन की स्थलीय जांच की गई। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, चास बीडीओ डॉ प्रदीप कुमार, सीओ दीवाकर दुबे, सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी मुख्य रुप से मौजूद थे। इसके अलावा आयोग की टीम ने ट्रिपल टेस्ट के तहत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के मतदान केंद्रों भी का जायजा लिया। उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची के साथ नगर परिषद की ओर से संकलित ट्रिपल टेस्ट प्रतिवेदन का स्थलीय जांच किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार और सीओ बेरमो संजीत कुमार आदि उपस्थित थे।**

# बोकारो महिला समिति ने आर्थिक रूप से आशक्त विद्यार्थियों के बीच लैपटॉप बांटा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के साथ सदस्याओं ने बुधवार को गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज का भ्रमण किया। इस मौके पर महिला समिति की उप सचिव देवजानी मिश्रा, अलका मनवटी, सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी, उप सचिव रूपांशी श्रीवास्तव, सुरभि प्रभारी, अनिशा झा, विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत, आशा राज सिलाई, सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश और समिति की सदस्या कल्पना वर्मा उपस्थित थी। उनका स्वागत गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज की प्रोफेसर रश्मि ठाकुर ने पुष्प गुच्छ से किया। वहीं, कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ प्रियदर्शी ने गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट कॉलेज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, अनीता तिवारी द्वारा कॉलेज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेघावी चार विद्यार्थी मोहम्मद रशद अहमद खान, गौरी कुमारी, कोमल तिवारी और प्रिया कुमारी को लैपटॉप सौंपा। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर पल्लवी प्रसाद के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

# युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस ने कालूबथान ओपी क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा करते हुए मामले में संलिप्त एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। देवदास दसौंधी के रूप में हुई है। वह निरसा थाना क्षेत्र के बड़बाड़ी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर मृतक का लाल रंग का गमछा, बाइक, घटना के समय पहना गया आरोपी का कपड़ा, खून लगे चप्पल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने दी। बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि विगत चार जुलाई को कालूबथान ओपी अंतर्गत खोखरा पहाड़ी स्थित जागृति उच्च विद्यालय के पीछे जंगल में एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। बाद में मृतक की पहचान गोपाल गोप के रूप में हुई। वह पश्चिम बंगाल के बर्दमान जिले के कुल्टी थाना क्षेत्र के रक्ता गांव का रहने वाला था। मृतक के पिता के बयान के आधार पर निरसा थाना के कालूबथान ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के जल्दी उद्भेदन के लिए एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। अनुसंधान टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त देवदास को गिरफ्तार कर लिया।

# मधुकरपुर के पारटांड़ में नया बनकर आया ट्रांसफार्मर दो दिनों में ही उड़ा

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर के पारटांड़ बस्ती में नया बनकर आया बिजली का 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मात्र दो दिन में ही जल गया। मालूम हो वहां पर का ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद सूबे के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की अनुशंसा के बाद गांव के कार्यकर्ता एवं उपभोक्ता चंदा उठाकर गाड़ी किराए पर लेकर धनबाद से नया बना ट्रांसफार्मर बनवाकर उसे लाकर लगवाए। लोग सुकून के साथ बिजली का आनंद ले रहे थे। पर नया ट्रांस्फॉर्मर लगने के दो दिन बाद ही वह जल गया। लोगों ने विभाग पर आरोप लगाया है कि वह घटिया सामान डालकर ट्रांसफार्मर बनवाती है। खुद तो आकर लगवाती नहीं, उपभोक्ताओं को ही इसकी व्यवस्था खुद करनी पड़ती है। लोगों ने फिर से ट्रांस्फॉर्मर को ठीक करवाने की मांग की है।

# सिंदरी महिला मोर्चा ने सिया रेस्टोरेंट में मनाया सावन उत्सव




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी महिला मोर्चा की ओर से सावन उत्सव सिया रेस्टोरेंट में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सह गिरिडीह प्रभारी नीतू शंकर मौजूद रहीं। इनके अलावा सिंदरी महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनिमा सिंह एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान हर्षोल्लास के साथ सिंदरी के सिया रेस्टोरेंट में सावन उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम गणेश चतुर्थी, भगवान भोलेनाथ का भजन के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद नृत्य और संगीत का कार्यक्रम हुआ जिसमें काफी महिलाएं शामिल थी। इस मौके पर अनीता सिंह, गायत्री सिंह, अनीता मिश्रा, रूपा झा, सुनीता शर्मा, सुनीता उपाध्याय, बबीता, मीरा, संजू, ज्योति कौर, अंजलि, लीलावती देवी, वैजयंती, सरिता, रीना, पूनम, मोहनी, रश्मि, सरस्वती आदि उपस्थित थीं।

# विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण

**आईईएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं सीओ आफताब आलम ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों के बीच दर्जनों साइकिल का वितरण किया। इस संबंध में बीडीओ महादेव कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे उन्नति के पहिया के तहत बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में दर्जनों विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण किया गया। इसके बाद बच्चे पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें, बच्चों को स्कूल आने जाने में कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए सरकार निःशुल्क साइकिल योजना चलायी है। इसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। वहीं अंचल अधिकारी आफताब आलम ने कहा कि उन्नति के पहिया विद्यार्थियों के लिए महत्वकांक्षी योजना है जिससे शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह को प्रोत्साहित करता है। इस दौरान मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार पासवान, अरुण यादव, गौरी शंकर प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## माकपा ने बेहतर पुनर्वास के लिए जरेडा के समक्ष किया प्रदर्शन

# विस्थापन जरूरी ही है, तो सभी सुविधाओं के साथ किया जाए : कॉ प्रकाश विप्लव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की झरिया लोकल कमिटी ने धनबाद के जेआरडीए कार्यालय के समक्ष बुधवार को प्रदर्शन और सभा किया। अपने संबोधन में पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट में संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी है। पहले से बहुत की कम है और इसमें नागरिक सुविधा में कटौती या रिफंड करने की बात कही है, जिसका हम विरोध करते हैं। हमलोग किसी भी प्रकार के विस्थापन का विरोध करते हैं। विस्थापन जरूरी है, तो सभी प्रभावित परिवारों को सुरक्षित और सुविधा युक्त आवास, बिजली, बेहतर शिक्षा के लिए स्कूल, बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल, स्थाई रोजगार, धार्मिक स्थलों का निर्माण, बैंक, डाकघर, बाजार सहित एक साथ बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान मूल रूप से झरिया क्षेत्र के विस्थापन से संबंधित है। झरिया कोयला क्षेत्र को भू-धंसान, अग्नि प्रभावित क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण के नाम से जाने लगा है। यह सब प्रशासन के साथ मिलकर अपनी सुविधा और फायदे के लिए बेतरतीब तरीके से उजाड़न की कोशिश की जा रही है। मास्टर प्लान के कार्यान्वयन 5940 करोड़ रुपए खर्च का प्रावधान है जो ना काफी है। यह झरिया के लोगों के साथ अन्याय है, बल्कि एक और साजिश है। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन ट्रेलर है। अगर हमारी मांगे नहीं सुनी गई, तो पूरे क्षेत्र में चक्का जाम आंदोलन चलेगा। वहीं, अन्य वक्ताओं जिला सचिव कॉ संतोष कुमार घोष के अलावा शिव बालक पासवान, सुन्दर लाल महतो, योगेन्द्र महतो, विकास ठाकुर, रानी मिश्रा, नारायण चक्रवर्ती, नौशाद अंसारी, संतोष महतो, गौतम प्रसाद और भारत भूषण ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान 10 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें जेआरडीए के नए संशोधित मास्टर प्लान के लिए आवंटित फंड को नाकाफी बताया गया है। इसमें व्यक्ति त्रुटियों को सुधारने, बिजली, स्वच्छ पानी, बेहतर शिक्षा के लिए स्कूल, स्वास्थ्य के लिए बेहतर साधन संपन्न अस्पताल, स्थाई रोजगार, बैंक, डाकघर, बाजार को बाजार एक साथ सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था, बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग ठेकेदारों द्वारा अभी तक जिन परिवारों को जबरन विस्थापित किया गया, उन परिवारों को जेआरडीए के मूलभूत नियमों के अंतर्गत सुविधा उपलब्ध कराने आदि की मांग शामिल है। सभा की अध्यक्षता झरिया पार्टी लोकल कमेटी के सचिव भगवान दास पासवान ने किया। इस मौके पर सीटू जिला महामंत्री राम कृष्णा पासवान, मोहन भुईयां, सपन माजी, कुंदन पासवान, परेश चंद बाउरी, बिनोद पासवान, मनोज पासवान, नीरज पासवान, संजीदा खातून, विमला देवी, विमल बाउरी, किरण देवी, बनो खातून, जमीला खातून, नसीमा खातून, कारी देवी, सुरेश भुईयां, भरत भुईयां, पूजा देवी शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –07 वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक: 29-07-2025 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक: 30-07-2025 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: 30-07-2025 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Bathroom in District Court Campus Khunti, Dist – Khunti. | 4,38,950.00 | 750.00 | 8,800.00 | 01 माह |
| 2. | Construction of P.P. Toilet & Repair and Renovation of V.C. Room with attached Toilet in 1st Floor in Civil Court Khunti, Dist- Khunti. | 14,82,100.00 | 2,500.00 | 29,700.00 | 1.5 माह |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 357989 Building(25-26)#D



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा संख्या – 01/2025–26 (DE) दिनांक 23.07.2025

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | किस्को | ग्राम नारी में मुरेरा खातुन के घर से सबीरूल अंसारी के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 642400.00 | 1250.00 | 12900.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | लोहरदगा | ग्राम नदिया में आर्मी कॉलोनी में चन्दर उरॉव के घर से कमला उरॉव के घर होते हुए मेन रोड की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1159100.00 | 2500.00 | 23200.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | ग्राम कुटमू जेलखाना में मंटू सिंह के घर से संजय उरॉव के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1320500.00 | 2500.00 | 26500.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | पेषरार | ग्राम हुसरू में कविता लोहरा के घर से शमषान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1428100.00 | 2500.00 | 28600.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | सेन्हा | ग्राम डोंडू में जोभी बर से लेकर कोना खलिहान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2247900.00 | 5000.00 | 45000.00 | 03(तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.07.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 31.07.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 01.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 358009 (Lohardaga) 25-26 (D)

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड हितेंद्र अवस्थी, नितेश पांडेय को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। बुधवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन रेहला के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी और लाइजन हेड नितेश पांडेय को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मेदिनीनगर के ब्यूरो चीफ जयकांत शुक्ला ने हितेंद्र अवस्थी और नितेश पांडेय को प्रमाणपत्र सौंपा।

# एक जनवरी 2026 से लागू होगा आठवां वेतन आयोग

**कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की**

**स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधा बढ़ाने की भी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग को एक जनवरी 2026 से लागू करेगी। इस बीच कर्मचारी प्रतिनिधियों ने हाल ही में आयोग को कई जरूरी सिफारिशें सौंपी हैं। इन सिफारिशों में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और स्वास्थ्य-शिक्षा से जुड़े लाभों को बढ़ाने की मांग शामिल है। केंद्र सरकार ने इस वेतन आयोग को 16 जनवरी 2025 को मंजूरी दी थी, जो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के वेतन और लाभों की समीक्षा करेगा। वेतन, पेंशन और भत्तों को पुनरीक्षित किये जाने से 50 लाख से ज्यादा केंद्र सरकार के कर्मचारियों और लगभग 65 लाख पेंशनर को फायदा मिलेगा, जिनमें रक्षा कर्मी भी शामिल हैं।




**पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग**

कर्मचारी प्रतिनिधियों ने 2004 के बाद नौकरी शुरू करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। यह मांग लंबे समय से कर्मचारियों की एक बड़ी चिंता रही है। इसके अलावा कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और प्रशासनिक परेशानियां कम होंगी।

**संतान शिक्षा भत्ता देने की मांग:** प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए संतान शिक्षा भत्ता देने की मांग की है। साथ ही हॉस्टल सब्सिडी को पोस्ट ग्रेजुएट लेवल तक बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया है, ताकि उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके। ये कदम सरकारी कर्मचारियों के लिए उनके बच्चों की पढ़ाई के खर्च को संभालने में मददगार साबित होंगे।

# मिंत्रा पर इडी की दबिश, 1654 करोड़ रुपये के गोलमाल से जुड़ा है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** मिन्त्रा पर 1,654 करोड़ रुपये के विदेशी निवेश नियम उल्लंघन का आरोप लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंपनी, उससे जुड़ी फर्मों और निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच बेंगलुरु जोनल ऑफिस में शुरू हुई, जहां ईडी को पुख्ता जानकारी मिली कि कंपनी मल्टी-ब्रांड रिटेल ट्रेडिंग कर रही थी, जबकि खुद को थोक व्यापार मॉडल में दिखा रही थी।

जांच में सामने आया कि मिन्त्रा ने 1,654.35 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश इस दावे के साथ हासिल किया कि वह 'कैश एंड कैरी' यानी थोक व्यापार कर रही है। पर वास्तव में, कंपनी ने अपना अधिकांश सामान वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचा, जो उसी ग्रुप की एक और कंपनी है। वेक्टर ने इन उत्पादों को सीधे ग्राहकों को बेचा।

ईडी का कहना है कि यह संरचना जानबूझकर बनाई गई थी ताकि सीधे ग्राहकों को बिक्री को छिपाकर, पहले बी2बी) और फिर बी2सी (बिजनेस-टू-कंज्यूमर) के रूप में दिखाया जा सके। इस तरह, कंपनी ने एफडीआई नीति के तहत मल्टी-ब्रांड रिटेल पर लगी सीमाओं को दरकिनार किया।

एफडीआई नीति के अनुसार, जो कंपनियां थोक व्यापार मॉडल पर काम करती हैं, वे अधिकतम 25% बिक्री ही अपनी संबंधित कंपनियों को कर सकती हैं। लेकिन मिन्त्रा ने 100% बिक्री वेक्टर को की, जिससे यह सीमा पूरी तरह से पार कर दी गयी।

ईडी ने कहा कि मिन्त्रा और अन्य संबंधित इकाइयों ने फेमा 1999 की धारा 6(3)(b) और एफडीआई नीति के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। इसी आधार पर फेमा की धारा 16(3) के तहत शिकायत दर्ज की गयी है, जिसके तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कंपनी की ओर से इस मामले पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। यह कार्रवाई ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियामक एजेंसियों की बढ़ती निगरानी का संकेत देती है, खासकर एफडीआई नियमों के अनुपालन को लेकर।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग

## पायलट ने भेजा मेडे कॉल, सभी यात्री सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गयी। फ्लाइट में कुल 60 पैंसेजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है। बताते चलें कि इससे एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हांगकांग से आई एयर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद एपीयू यूनिट में आग लग गयी थी।



**अहमदाबाद प्लेन क्रैश: दो ब्रिटिश परिवार को गलत शव मिले :** ब्रिटेन में अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीड़ित दो परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गये हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा। ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एअर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**